शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 71 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 07 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# दुनिया भर में देश का डंका बज रहा: मोदी

## 2024 का चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, बल्कि ये चुनाव विकसित भारत बनाने के लिए है: पीएम



**"पीएम मोदी ने कहा कि भारत को एक मजबूत देश बनाना भाजपा की प्रतिबद्धता है। यानी जैसी भाजपा की नीयत है, जैसी निष्ठा है, नीतियां भी वैसी ही बनती है"**

**सहारनपुर**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सहारनपुर से चुनावी शंखनाद किया। पश्चिमी यूपी पीएम मोदी ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने राम-राम से मंच पर पहुंचकर अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में देश का डंका बज रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारा ये स्थान मां शक्ति का स्थान है, ये मां शक्ति की साधना का स्थान है और हिंदुस्तान के हर कोने में शक्ति की उपासना हमारी स्वाभाविक, आध्यात्मिक यात्रा का हिस्सा है। हम वो देश हैं, जो कभी भी शक्ति उपासना को नकारते नहीं हैं। लेकिन ये देश का दुर्भाग्य है कि विपक्षी गठबंधन के लोग चुनौती दे रहे हैं कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। जिन-जिन लोगों ने शक्ति को नष्ट करने का प्रयास किया है, उन सबका क्या हाल हुआ है, ये इतिहास और पुराणों में अंकित है।

पीएम मोदी ने कहा कि आपको याद होगा, यहां उत्तर प्रदेश में दो लड़कों की जो फिल्म पिछली बार फ्लॉप हो चुकी है, उन दो लड़कों की फिल्म को इन लोगों ने फिर से रिलीज किया है। मुझे समझ नहीं आता कि काठ की इस हांडी को ये विपक्षी गठबंधन वाले कितनी बार चढ़ाएंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि याद कीजिए 2014 के वो दिन, उस समय देश घोर संकट के दौर से गुजर रहा था। मैंने उस समय गारंटी दी थी कि देश झुकने नहीं दूंगा, हर स्थिति को बदलूंगा। निराशा को आशा और आशा को विश्वास में बदलूंगा। आपने अपने आशीर्वाद में कोई कमी नहीं रखी। याद कीजिए तब हमारा भारत 11वें नंबर की ताकत था। अब मोदी ने 5वें नम्बर की ताकत बना दिया है।

आज भारत की तस्वीर विकसित देश की बना दी है। पूरे वर्ल्ड में देश का डंका बज रहा है। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 2024 का चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, बल्कि ये चुनाव विकसित भारत बनाने के लिए है।

### भाजपा ने लोगों का भरोसा जीता है: पीएम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भाजपा का स्थापना दिवस है। बहुत कम दशकों में ही भाजपा के साथ रिकॉर्ड संख्या में हमारे देशवासी जुड़े हैं। भाजपा ने लोगों का भरोसा जीता है, भाजपा ने लोगों दिल जीता है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि भाजपा राजनीति नहीं, राष्ट्रनीति पर चलती है।


विपक्षी गठबंधन भी कमीशन के लिए है: मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस जितने साल सत्ता में रही, उसने कमीशन खाने को प्राथमिकता दी। ये विपक्षी गठबंधन भी कमीशन के लिए है। जबकि एनडीए, मोदी सरकार मिशन के लिए है। पीएम मोदी ने कहा कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर, चुनावी घोषणा नहीं, बल्कि हमारा मिशन रहा है। इस वर्ष रामनवमी में हमारे प्रभु राम टेंट में नहीं, बल्कि भव्य मंदिर में दर्शन देंगे।

'भारत को एक मजबूत देश बनाना भाजपा की प्रतिबद्धता' पीएम मोदी ने कहा कि भारत को एक मजबूत देश बनाना भाजपा की प्रतिबद्धता है। यानी जैसी भाजपा की नीयत है, जैसी निष्ठा है, नीतियां भी वैसी ही बनती हैं। इसीलिए आज हर हिंदुस्तानी अनुभव से कह रहा है - नीयत सही, तो नतीजे सही। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा देश के हर नागरिक की परेशानी कम कर रही है।

हर किसी के लिए नए अवसर बना रही है। सहारनपुर की लकड़ी की नक्काशी और यहां के लोगों के कौशल की ख्याति तो दूर-दूर तक है। इसलिए योगी जी हों या मोदी, हमें आपका ध्यान है।

### किसानों की पीएम किसान निधि के जरिये मदद: पीएम



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये क्षेत्र अपनी कृषि उत्पादकों के लिए भी जाना जाता है। पिछले 10 साल से हमारी सरकार लगातार अपने किसान भाइयों के लिए काम कर रही है। किसान की छोटी-छोटी जरूरत को लेकर हमारी सरकार संवेदनशील है। आज देश में छोटे किसानों की पीएम किसान निधि के जरिये मदद की जा रही है। अकेले यहां सहारनपुर में ही 3 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में 860 करोड़ रुपये सीधे भेजे जा चुके हैं।

**'सपा को हर घंटे अपने उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं'**

पीएम मोदी ने कहा कि सपा की स्थिति तो ये है कि यहां उन्हें हर घंटे अपने उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं। कांग्रेस की स्थिति तो और भी विचित्र है, कांग्रेस को तो उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे। जिन सीटों को कांग्रेस अपना गढ़ मानती थी, वहां भी उसे उम्मीदवार उतारने की हिम्मत ही नहीं हो रही है। यानी विपक्षी गठबंधन अस्थिरता और अनिश्चितता का दूसरा नाम बन चुका है। इसलिए देश आज उनकी एक भी बात को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

**'आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस तो दशकों पहले ही समाप्त हो चुकी'**

पीएम मोदी ने कहा कि आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस तो दशकों पहले ही समाप्त हो चुकी है। अब जो कांग्रेस बची है, उसके पास न देश हित में नीतियां हैं और न ही राष्ट्रनिर्माण का विजन। कल कांग्रेस ने जिस तरह का घोषणा पत्र जारी किया है, उससे साबित हो गया है कि आज की कांग्रेस, आज के भारत की आशाओं-आकांक्षाओं से पूरी तरह कट चुकी है।

## 98 फीसदी से ज्यादा पायलटों ने नए अनुबंध पर किए हस्ताक्षर: विस्तारा

**नई दिल्ली**

विमानन कंपनी विस्तारा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद कन्नन ने शनिवार को कहा कि 98 फीसदी से अधिक पायलटों ने नए अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस महीने के अंत तक परिचालन स्थिर होने की उम्मीद है।

दरअसल, विस्तारा को चालक दल की अनुपलब्धता की वजह से इस सप्ताह की शुरूआत में परिचालन में व्यवधान का सामना करना पड़ा और कई उड़ानें रद्द कर दी गई। पिछले कुछ दिनों से पायलट्स की कमी का असर विस्तारा के उड़ानों पर दिखा। नए अनुबंध के विरोध में पायलटों के सामूहिक अवकाश पर रहने के कारण विस्तारा ने 100 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी। वहीं, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक दिन पहले ही कंपनी को उड़ानों के रद्द और देरी होने पर एक दैनिक रिपोर्ट देने के लिए कहा था। उल्लेखनीय है कि विस्तारा टाटा के स्वामित्व वाली भारतीय घरेलू एयरलाइंस है जिसका मुख्य कार्यालय गुड़गांव, हरियाणा में स्थित है। वहीं, इसका मुख्य आधार केंद्र इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट दिल्ली है।

## तरनतारन में महिला को अर्धनग्न परेड की घटना पर एनसीडब्लू ने लिया संज्ञान

**नई दिल्ली**

पंजाब के तरन तारन के वल्टोहा गांव में 55-वर्षीया एक महिला के साथ उसके बेटे के ससुराल वालों ने कथित तौर पर मारपीट की और उसे अर्धनग्न करके घुमाया। इस घटना पर राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यु) ने संज्ञान लिया है। शनिवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने एक्स प्लेटफार्म पर कहा कि पंजाब के तरनतारन के वल्टोहा गांव में हुई भयावह घटना से अत्यंत व्यथित हूं। 55 वर्षीय महिला के साथ मारपीट और अर्धनग्न परेड भयावह है। रेखा शर्मा ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया है और पंजाब के पुलिस महानिदेशक को त्वरित कार्रवाई करने, दोषियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। इसके साथ महिला का वायरल वीडियो को सोशल मीडिया से हटाने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि पंजाब के तरन तारन के वल्टोहा गांव में 55-वर्षीया एक महिला के साथ उसके बेटे के ससुराल वालों ने कथित तौर पर मारपीट की और उसे अर्धनग्न करके घुमाया। पुलिस ने बताया कि यह घटना 31 मार्च को हुई।


## पहली बार गायों और गाय से इंसानों में फैला एच5एन1 संक्रमण



**नई दिल्ली**

**दिसंबर** 2019 से चली आ रही कोरोना महामारी को चार साल से अधिक का समय बीत गया है, हालांकि ये कब तक जारी रहेगा इसको लेकर वैज्ञानिक स्पष्ट नहीं हैं। कुछ अध्ययनों में कहा जा रहा है कि कोरोना वायरस में समय-समय पर म्यूटेशन हो रहा है जिससे नए वैरिएंट्स का खतरा लगातार बना हुआ है। ऐसे में सभी लोगों को संक्रमण से बचाव को लेकर निरंतर सावधानी बरतते रहना जरूरी है। वैक्सीनेशन और हर्ड इम्युनिटी के कारण भले ही अब संक्रमण के गंभीर मामले कम देखे जा रहे हैं पर कोविड-19 और इसके कारण होने वाले स्वास्थ्य जोखिम अब भी बड़ी चिंता का कारण बने हुए हैं। मसलन कोरोना के खतरा अभी खत्म नहीं हुआ है, इसी बीच वैज्ञानिकों ने एक हालिया रिपोर्ट में अमेरिका में बढ़ते एक और अति संक्रामक रोग को लेकर लोगों को अलर्ट किया है। पिछले दिनों अमेरिका में कुछ लोगों और मवेशियों में बर्ड फ्लू या एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) संक्रमण के मामले सामने आने के बाद विशेषज्ञों ने अलर्ट जारी किया है। एच5एन1 के संक्रमण को इंसानों के लिए गंभीर रोगकारक और घातक माना जाता रहा है। इतना ही नहीं वैज्ञानिकों का कहना है कि इंसानों में एच5एन1 का संक्रमण कोरोना के कई गुना घातक हो सकता है।

## पाक में घुसकर मारेंगे, आतंकी जहां भी चले जाएं बचेंगे नहीं: राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली**

**अगर आतंकवादी** भारत में शांति भंग करने की कोशिश करेंगे या आतंकी गतिविधियों को अंजाम देंगे तो उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अगर वे पाकिस्तान भाग गए तो भारत उन्हें पड़ोसी देश में घुसकर मार गिराएगा। ये बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए अपनी सरकार के स्पष्ट एजेंडे को दिखाते हुए कही है। रक्षा मंत्री ब्रिटिश अखबार 'द गार्जियन' की रिपोर्ट पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें दावा किया गया था कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 2019 के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा के एक अभियान के तहत पाकिस्तान में आतंकवादियों की हत्याएं कीं। राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर पड़ोसी देश के आतंकवादी भारत में शांति भंग करने की कोशिश करेंगे या भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करेंगे, तो हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे। एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि अगर वे पाकिस्तान भाग जाते हैं, तो हम उन्हें मारने के लिए पाकिस्तान में घुसेंगे।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के पास सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की ताकत है और पाकिस्तान को इसका एहसास होने लगा है। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया टिप्पणियों का समर्थन किया कि भारत मूकदर्शक नहीं रहेगा।

## सीतारमण का कांग्रेस पर तंज, कहा-वादे निभाने के लिए बचेगा ही नहीं पैसा



**बेंगलुरु/नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र पर तंज कसते हुए कहा कि वादे निभाने के लिए पैसा बचेगा ही नहीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के वादे कर रहे हैं, जिन्हें निभाने पर बजट में इतना घाटा होगा कि पैसा बचेगा ही नहीं। केंद्रीय वित्त मंत्री ने शनिवार को यहां भाजपा कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, "कांग्रेस के घोषणापत्र में कई जगह पर परस्पर विरोधाभासी बातें कही गई हैं। वे इस तरह के वादे कर रहे हैं, जिन्हें निभाने पर बजट में इतना घाटा होगा कि पैसा बचेगा ही नहीं। सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर मैं सिर्फ कर्नाटक का उदाहरण लूंगी। यहां विधानसभा चुनाव जीतने के लिए उन्होंने अपने घोषणापत्र में बहुत बड़े वादे किये थे, उन घोषणापत्रों ने उन्हें जिताया लेकिन उन वादों को पूरा करने के लिए उन्हें बजट की जरूरत है। डीवाई शिवकुमार ने खुद कहा था कि उनके पास विकास के लिए धन नहीं है। सीतारमण ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद कर्नाटक पर बहुत बड़ा वित्तीय बोझ पड़ा...अगर एक राज्य में उनके (कांग्रेस सरकार) के कारण इतना बड़ा बोझ है, तो क्या देश की जनता को उनके वादों (कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी लोकसभा चुनाव घोषणापत्र) पर भरोसा करना चाहिए?" सीतारमण ने कहा कि यह चिंताजनक और दुखःद है कि बेंगलुरु पेयजल संकट से जूझ रहा है।

## नड्डा सहित छह ने ली राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ



**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण सहित छह लोगों ने आज राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। राज्यसभा के सभापति ने जगत प्रकाश नड्डा, अशोकराव शंकरराव चव्हाण, सुष्मिता देव, मोहम्मद नदीमुल हक चुन्नीलाल गरासिया और अनिल कुमार यादव मंदादी को शपथ दिलाई। उनके कार्यालय ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की। इस दौरान उपसभापति हरिवंश और महासचिव पीसी मोदी मौजूद रहे। नड्डा गुजरात से राज्यसभा के लिए निर्विरोध सांसद चुने गए हैं। नड्डा ने तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर कहा "आज देश के उच्च सदन, राज्यसभा में सांसद के रूप में पुनः शपथ ग्रहण की। राष्ट्रसेवा का यह अवसर प्रदान करने के लिए मैं आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, भाजपा के सभी वरिष्ठ सदस्यों एवं कोटिशः भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करता हूं। मैं विश्वास दिलाता हूं, कि प्रधानमंत्री जी ने जिस भरोसे के साथ जनसेवा की जिम्मेदारी दी है उसे पूरा करते हुए आत्मनिर्भर और विकसित भारत निर्माण के ध्येय प्राप्ति के लिए सदैव तत्परता से लगा रहूंगा।"

## एनआईए की टीम ने बलिया में 11 जगहों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली**

**देश विरोधी साजिश मामले** में प्रतिबंधित नक्सली संगठन पर कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीमों ने आज उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 11 स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए ने बिहार के कैमूर जिले में एक स्थान पर आरोपितों और संदिग्ध व्यक्तियों के परिसरों पर भी छापे मारे। एनआईए के मुताबिक मूल रूप से एंटी टेरर स्क्वाड (एटीएस) उत्तर प्रदेश द्वारा दर्ज मामले के संबंध में यह छापेमारी की गई थी।

एनआईए द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक शनिवार को छापेमारी के बाद तलाशी के दौरान मोबाइल फोन, सिम कार्ड और मेमोरी कार्ड सहित कई डिजिटल उपकरणों के साथ-साथ प्रतिबंधित नक्सली संगठन के पर्चे जैसे आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

## भ्रमित हुए बिना सीएए के लिए आवेदन करें मतुआ: शांतनु

**"यह हर मतुआ को कानूनी नागरिकता सुरक्षित करेगा। जिससे वे आने वाले 100 वर्षों में विदेशी नहीं माने जाएंगे"**



**नई दिल्ली**

**सीएए के** तहत नागरिकता के लिए मतुआ समुदाय से आवेदन के लिए केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर आग्रह कर रहे हैं। उन्होंने सीएए की पैरवी करते हुए कहा कि यह हर मतुआ को कानूनी नागरिकता सुरक्षित करेगा। जिससे वे आने वाले 100 वर्षों में विदेशी नहीं माने जाएंगे। केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने मतुआ समुदाय को समझाया कि उन्हें कानूनी और संवैधानिक नागरिकता सीएए द्वारा प्रदान की जाऐगी। उन्हें कहा कि आवेदन जमा करने में मतुआ डरें, नहीं वे स्वयं सीएए के लिए आवेदन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले 100 वर्षों में उन्हें एनआरसी के तहत घुसपैठिया समझकर देश से नहीं निकाला जाएगा। उन्होंने उदाहरण देकर समझाते हुए कहा कि सीएए के तहत आवेदन नहीं करने पर उनकी स्थिति भी रोहिंग्या की तरह हो जाएगी।

**कौन हैं मतुआ**

मतुआ मूल रूप से पूर्वी पाकिस्तान से आया हिंदुओं का कमजोर समुदाय है। जो कि विभागजन के दौरान और बांग्लादेश निर्माण के बाद धार्मिक उत्पीड़न के बाद भारत चले आए।केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर पश्चिम बंगाल में मटुआ-बहुल जिले के बोनगांव लोकसभा सीट से भाजपा टिक**ट पर नामांकन की तैयारी मे हैं।**

**ममता बनर्जी पर साधा निशाना**

ठाकुर कहते हैं कि अगर तत्कालीन सरकार वैध नागरिकों का सर्वेक्षण करेंगी। तो क्या ममता बनर्जी हमारे समुदाय की रक्षा करने के लिए होंगी? उन्होंने कहा कि सीएए का विरोध करने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप भी लगया।

## बंगाल: एनआईए टीम पर हमला

**कोलकाता**

बंगाल में ईडी के बाद एनआईए टीम पर हमले को लेकर राज्य की टीएमसी सरकार और सीएम ममता बनर्जी विपक्षियों के निशाने पर हैं। अपने ऊपर हो रहे हमलों को लेकर अब ममता बनर्जी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। दक्षिण दिनाजपुर में एक चुनावी सभा से इतर ममता बनर्जी ने एनआईए पर हमले की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए पूछा कि 'उन्होंने (एनआईए) आधी रात में छापेमारी क्यों की? क्या उन्होंने पुलिस से इसकी इजाजत ली? स्थानीय लोगों ने वही किया, जो किसी अजनबी के उनकी जगह पर आने

# जमीनी विवाद में दो पक्षो में जम कर मारपीट, अधेड़ की हुई मौत





**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के हवेलिया में शनिवार को जमीनी विवाद में दो पक्षों भीड़ गए। जमीन कब्जा करने पहुंचे पक्ष ने विरोध पर पथराव कर दिया जिसमें बुजुर्ग समेत कई लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रात में इलाज के दौरान घायल बुजुर्ग की मौत हो गई जिसके बाद गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस फोर्स लगा दी गई है। हवेलिया निवासी हिकमत अली का आरोप है कि कोहना गांव में कब्रिस्तान की जमीन पर अफजाल समेत अन्य लोग जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश कर रहे है। अफजाल शनिवार को कई लोगों को लेकर पहुंचा और दीवार बनाने लगा। यह देखकर हिकमत अली के परिजनों ने विरोध किया। वहीं दूसरे पक्ष का कहना था कि उसने एग्रीमेंट करा लिया है। बात बढ़ी और कब्जे को लेकर मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि विपक्षियों ने हिकमत अली के परिवार पर हमला कर दिया। ईंट और पत्थर मारने लगे। जो मिला, उसको पकड़कर पीटा गया। इस हमले में हिकमत अली के बड़े भाई 65 वर्षीय अहमद अली के सिर पर गंभीर चोट आ गई। वहीं अली का भतीजा आजाद भी जख्मी हो गया। झूंसी पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। पीड़ित परिवार की शिकायत पर अफजाल, कयूम और अशरफ व 15 अज्ञात के खिलाफ पथराव, बलवा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। उधर जख्मी अहमद अली को निजी अस्पताल से एसआरएन में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान रात में उनकी मौत हो गई। जिसके बाद उनके परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। एसआरएन से लेकर गांव तक हंगामा होने पर पुलिस पहुंच गई। रात में ही छापामारी करके पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# अध्यक्ष पद पर अनिल तिवारी व राकेश के बीच कड़ी टक्कर, सचिव पद पर त्रिकोणीय मुकाबला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** एशिया की सबसे बड़ी बार एसोसिएशन के 28 पदों के लिए 206 प्रत्याशियों के भाग्य का पिटारा खुल गया है। मतों की गणना तेजी से शुरू हो गई है। अध्यक्ष पद पर अनिल तिवारी और राकेश पांडेय के बीच कांटे की टक्कर दिखाई पड़ रही है। इसी तरह सचिव पद पर अखिलेश शर्मा, विक्रांत पांडेय और राय साहब यादव के बीच कड़ा मुकाबला चल रहा है। शनिवार को मतगणना समाप्त होने तक अध्यक्ष पद पर अनिल तिवारी और सचिव पद पर अखिलेश शर्मा अपने निकटतम प्रतिद्वंदियों से आगे चल रहे थे। पहले दिन 1800 वोटो की गिनती में अध्यक्ष की दौड़ में अनिल तिवारी 626 मतों सबसे आगे चल रहे है जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी राकेश पांडे बबुआ 533 मत ले साथ दूसरे स्थान पर और तीसरे स्थान पर रहे वीर सिंह को 291 मत हासिल हुए है।सचिव की कुर्सी पर लगातार आगे चल रहे अखिलेश कुमार शर्मा को विक्रांत पांडे से कड़ी चुनौती मिल रही है। 1800 वोटो की गिनती में अखिलेश कुमार शर्मा को 417 वोट मिले है जबकि विक्रांत पांडे में तेजी से बढ़त हासिल करते हुए 395 वोट पाने में कामयाब रहे रहे है। हालांकि, राय साहब यादव भी 315 मतों के साथ लगातार मुख्य मुकाबले में बने हुए हैं। शनिवार को समाप्त हुई मतगणना के साथ अध्यक्ष और सचिव के पदों पर मुकाबला रोचक बना हुआ है। 1800 से आगे की गिनती रविवार को भी जारी रहेगी। बुधवार को हुए मतदान में कुल 9300 मतदाताओं में से 8246 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। भारी सुरक्षा के बीच शुक्रवार को शुरू हुई मतपत्र छटाई का काम पूरा हो गया है। बार एसोसिएशन की लाइब्रेरी हाल में मतगणना प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

## न्यूज झरोखा

### नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगी आग दो एंबुलेंस जलकर खाक



**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में कोइलहा गांव के नजदीक जीटी रोड के बगल में स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पूरामुफ्ती परिसर में शनिवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने के कारण नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में खड़ी दो एंबुलेंस जलकर खाक हो गई। गलीमत यह रही कि जिस समय एंबुलेंस में आग लगी है उस समय एंबुलेंस में कोई मरीज या व्यक्ति नहीं था इसलिए बहुत बड़ा हादसा होने से टल गया। सूचना पाकर स्थानीय थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आग कैसे लगी जिससे दो एंबुलेंस जलकर खाक हो गई इस विषय पर चिकित्सा प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने कुछ भी बोलने से साफ इंकार कर दिया जिससे यह साबित हो रहा है कि अग्निकांड मामले में कहीं ना कहीं चिकित्सा प्रभारी की लापरवाही जरूर होगी इसलिए उन्होंने इस मामले में मुंह खोलने से साफ इंकार कर दिए। अग्निकांड मामले में यदि निष्पक्ष जांच हुई तो चिकित्सा प्रभारी सहित कई लोगों के ऊपर गाज गिर सकती है। खबर लिखे जाने तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### बूथों पर जनसंपर्क एवं बैठक कर मनाया भाजपा स्थापना दिवस



**प्रयागराज।** शहर दक्षिणी विधानसभा मीरापुर मंडल के अंतर्गत एक बैठक संपन्न हुई विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर आज शहर दक्षिणी विधानसभा मीरापुर मंडल के अंतर्गत बूथ संख्या 55, 56, 57 ,58 पर बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों की बैठक हुई। मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी सुरेश मौर्य ने कार्यकताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा 6 अप्रैल को भाजपा अपना 45वां स्?थापना दिवस मना रही है। भाजपा ने इस बार प्रत्येक बूथ पर 370 पार जाने का लक्?य निर्धारित किया है इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पार्टी ने देश भर के प्रत्येक बूथ पर पिछले चुनाव के मुकाबले 370 वोट ज्यादा बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सभी वर्ग के कल्याण के लिए ढेर सारे ऐतिहासिक कार्य हुए हैं, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गो के लिए विशेष योजनाओं के साथ सरकार काम कर रही है। कार्यक्रम में जनसंपर्क और पत्रक भी वितरित किए गए। प्रमुख रूप जिला उपाध्यक्ष प्रमोद जयसवाल मोदी, गिरिजेश मिश्र, मंडल मंत्री अनिल पांडेय, मंत्री अरुण निषाद, वार्ड अध्यक्ष सुभाष तिवारी बूथ अध्यक्ष संजय लांबा, सुरेंद्र केसरवानी, मधुमिता नाथ, मोनिका अरोड़ा, समेत अन्य पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मतदान करने को लेकर दिलायी गई शपथ




**सोरांव।** शनिवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाहर सराय संग पूरे गांव में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत शपथ मतदान करने के लिए सभी लोगों को जागरूक किया गया। तथा एक बैनर तले ग्राम प्रधान मनोरमा देवी, प्रधान पति राम गणेश मौर्य संग सचिव मिथलेश मिश्र के नेतृत्व में प्रधान अध्यापिका डोला बनर्जी तथा प्रधानाध्यापिका स्नेहलता व वंदना विश्वकर्मा आदि लोगों ने ग्राम सभा के सभी मजरों में घर-घर जाकर तथा पंचायत भवन पर भी आगामी लोकसभा चुनाव में सत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया। इतना ही नहीं 18 वर्ष के ऊपर वाले सभी मतदाताओं को पहले मतदान फिर जलपान का नारा भी दिए। इस मौके पर ग्राम पंचायत के सैकड़ो ग्रामीण रहे।

### स्थापना दिवस पर कार्यकर्ता व पार्षद ने की बैठक



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद मयंक यादव एवम पार्षद रणविजय सिंह डब्बू की उपस्थिति रही। इस अवसर पर पार्षद मयंक यादव ने उपस्थित कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा से परिचित कराते हुए श्रद्धेय पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी व श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के त्याग बलिदान और योगदान की चर्चा की। इसी क्रम में रणविजय सिंह ने प्रधानमंत्री के सबका साथ सबका विकास मंत्र पर हृदय को छू लेने वाला एक सुंदर भजन के द्वारा पार्टी के महत्व और आगे के कार्यक्रमों की चर्चा की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद मयंक यादव, रणविजय सिंह डब्बू, संजय श्रीवास्तव उपाध्यक्ष महानगर किसान मोर्चा, सुनील कुशवाहा भाजपा नेता, सुधीर शर्मा समाजसेवी, राज सिंह, प्रदीप कुमार तिवारी शक्तिकेंद्र संयोजक चकदोंदी नैनी, समाजसेवी प्रदीप कुमार तिवारी आदि वरिष्ठजन उपस्थित रहे।



## हाईकोर्ट समाचार

### तलाक के वक्त सारे अधिकार छोड़ चुकी पत्नी को गुजारे की मांग का हक नहीं, फेमिली कोर्ट का आदेश रद्द

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि यदि आपसी सहमति से तलाक के समय पत्नी ने गुजारा भत्ता सहित सभी अधिकार छोड़ दिए हैं तो बाद में उसे पूर्व पति से गुजारा भत्ते की मांग करने का हक नहीं है। कोर्ट ने उक्त टिप्पणी करते हुए गौतमबुद्धनगर अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार अदालत की ओर से पत्नी को प्रतिमाह 25 हजार रुपये गुजारा भत्ता देने के आदेश को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने पति की याचिका मंजूर करते हुए पत्नी की गुजारा भत्ता बढ़ाने की पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी है।कोर्ट ने कहा, पत्नी ने पति के खिलाफ भविष्य के सारे अधिकार छोड़ कर तलाक ले लिया है। इसलिए उसे अंतरिम गुजारा भत्ता पाने का हक नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित ने गौरव मेहता तथा अनामिका चोपड़ा की पुनरीक्षण याचिकाओं पर दिया है।मामले के अनुसार 27 फरवरी 2004 को दोनों की शादी हुई। एक बच्चा अभिमन्यु भी पैदा हुआ।16 जून 2006 को दोनों में विवाद की वजह से उन्होंने आपसी सहमति से तीस हजारी कोर्ट, नई दिल्ली में तलाक का मुकदमा दायर किया। अदालत में बयान दर्ज हुए। पत्नी ने कहा, भविष्य में वह पति से कोई गुजारा भत्ता नहीं मांगेगी। बेटा बालिग होने तक मां के साथ रहेगा और पिता को बेटे से नियत समय पर मुलाकात करने की अनुमति होगी। 20 अगस्त 2007 को तलाक होने के बाद दोनों अलग रह रहे हैं।पत्नी ने बेटे की ओर से गौतमबुद्धनगर परिवार अदालत में गुजारा भत्ता दिलाने के लिए धारा 125 में अर्जी दायर की। अदालत ने बेटे को 15 हजार रुपये प्रतिमाह गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। फिर पत्नी ने भी धारा 125 में पूर्व पति की आय में 25 फीसदी गुजारा भत्ते की मांग की। साथ ही 50 हजार रुपये अंतरिम गुजारे की अर्जी दी।इसे स्वीकार करते हुए परिवार अदालत ने पत्नी को 25 हजार रुपये प्रतिमाह गुजारा भत्ता पाने का हकदार माना। पति ने इसकी वैधता को चुनौती दी कि पत्नी ने सारे अधिकार छोड़ दिए हैं। इसलिए यह आदेश रद्द किया जाय। कोर्ट ने कहा, परिवार अदालत ने गलती की है और पत्नी को 25 हजार अंतरिम गुजारा भत्ता देने के आदेश को रद्द कर दिया।

# महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का मण्डलायुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का स्थलीय निरीक्षण आज मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। सर्वप्रथम भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर के कार्यों का निरीक्षण करते हुए वहां पर लटके हुए तारों को अंडरग्राउंड करने, मेन गेट को चौड़ा करते हुए वहाँ पर पर्याप्त मात्रा में सकुर्लेटिंग एरिया सुनिश्चित करने तथा सभी अनावश्यक एनक्रोचमेंट को अतिशीघ्र हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा साइट रजिस्टर पर हर इंस्पेक्शन के उपरांत एंट्री करने के भी निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण करते हुए मुख्य सड़क से मेन गेट तक नो पार्किंग नो वेटिंग जोन बनाने को कहा जिसके कि अस्पताल आने जाने में एम्बुलेंस अथवा अन्य बड़े वाहनों को समस्या न आए। निरीक्षण के दौरान वहां पर उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे अलग-अलग कार्यों का भी निरीक्षण किया गया तथा गुणवत्ता सम्बंधित जाँच की गई जिसमें कई जगह कमी पायी गई। मौके पर साईट इंस्पेक्शन रजिस्टर उपलब्ध न होने के कारण उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। इसी क्रम में आरएएफ फाफामउ से सोरांव रोड तथा सोरांव से हंडिया रोड का भी निरीक्षण किया गया तथा वहां पर सभी पेडिंग कार्यों को बरसात से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण उपरांत महाकुम्भ 2025 के कार्यों में भूमि अधिग्रहण संबंधित समस्याओं के निराकरण के दृष्टिगत तथा लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन एवं पर्यटन विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा हेतु एक बैठक की गई जिसमें सभी परियोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सभी कार्यों को 31 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने तथा हर कार्य की गुणवत्ता का सत्यापन सम्बन्धित जेई द्वारा कराने के निर्देश दिए गए।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने तहसील फूलपुर में बनाये गये विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार व डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती के साथ शनिवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत तहसील फूलपुर में बनाये गये विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमणकर वहां पर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। भ्रमण के दौरान उन्होंने गांधी इण्टरमीडिएट कालेज पटेल नगर झूंसी, प्राथमिक विद्यालय ईसीपुर विकास खण्ड बहादुरपुर, प्राथमिक विद्यालय मलावा बुजुर्ग विकास खण्ड बहादुरपुर, प्राथमिक विद्यालय थानापुर विकास खण्ड फूलपुर व केन्द्रीय विद्यालय इफ्को फूलपुर में बनाये गये मतदान केन्द्र व मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर वहां पर पेयजल, पंखा, प्रकाश, वॉशरूम, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने प्रत्येक मतदेय स्थल पर इंट्री व एक्जिट प्वाइंट को भी देखा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्येक मतदेय स्थल पर मतदेय स्थल क्रमांक व अन्य विवरण को देखते हुए जिन बूथों पर विवरण अभी नहीं लिखा गया है, वहां पर लिखवायें जाने व चुनाव सम्बंधित विशेष सिम्बलों को हटाये जाने हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है। उन्होंने सम्बंधित प्रधानाध्यापकों से मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत निकाली गई रैली व अन्य कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते हुए विद्यालयों में बच्चों से संवाद किया व विद्यालय के स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी को भी देखा। उन्होंने जिन विद्यालयों में पुलिस व सुरक्षा बलों के रूकने की व्यवस्था की जानी है, वहां पर बिजली, पानी व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने इफ्को फूलपुर में स्थित केन्द्रीय विद्यालय में बनाये गये मतदेय स्थलों का निरीक्षण करते हुए इफ्को के सम्बंधित अधिकारियों से वहां पर पूर्व के निर्वाचनों में कम मतदान प्रतिशत होने के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वहां पर लोगो को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित करने व मतदाता जागरूकता अभियान विशेष रूप से चलाये जाने के लिए वहां के अधिकारियों से कहा है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने इफ्कों फूलपुर के केन्द्रीय विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत मतदाता शपथ दिलाते हुए उपस्थित बच्चों को सम्बोधित किया और कहा कि आप सभी अपने परिवार के लोगो को लोकतंत्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी को समझाते हुए 25 मई को मतदान अवश्य करने के लिए उन्हें प्रेरित करेंगे। कहा कि इस विद्यालय में स्थित दोनों मतदेय स्थलों पर मतदान का प्रतिशत विगत निर्वाचनों में कम रहा है जबकि यहां पर इसी टाउनशिप के ही वोटर अपना मतदान करते है और मतदान केन्द्र की दूरी भी अधिक नहीं है। हम उम्मीद करते है कि इस बार सभी लोग 25 मई को अपने घर से बाहर निकलेंगे और अपने विवेक से लोकतंत्र के प्रति हमारी जो जिम्मेदारी है, हमारा वोट देने का जो अधिकार है, उसका प्रयोग अवश्य करेंगे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, उपजिलाधिकारी फूलपुर तपन मिश्रा, तहसीलदार व खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।


# प्रा.वि. के बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर निकाली जनजागरूकता रैली



**प्रयागराज।** शनिवार को प्राथमिक विद्यालय भूईं विकासखंड धनूपुर जनपद प्रयागराज के प्रांगण से मतदाता जन जागरूकता रैली निकाली गई। शासन के मंशा के अनुरूप जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशनुसार व खंड शिक्षा अधिकारी धनूपुर डॉक्टर प्रभा शंकर पांडेय के निर्देशन में अत्यधिक मतदान प्रतिशत व जन जागरण चेतना उत्पन्न करने हेतु रैली निकाली। नन्हे मुन्ने बच्चों तथा अध्यापकों ने अपने हाथों में स्लोगन लिखे तख्तियों के साथ आधी रोटी खाएंगे वोट डालने जाएंगे पहले मतदान फिर जलपान का नारा लगाते हुए पूरे गांव में इस संदेश को प्रसारित एवं प्रचारित किया। उपरोक्त रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच मतदान को एक पर्व के रूप में मनाने का संदेश देना है साथ ही साथ लोगों के बीच जागरूक मतदान हेतु जागरूकता फैलाना है। इससे मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करेंगे इस प्रकार जन चेतना फैलाने का कार्य किया गया । कार्यक्रम के अंत में बच्चो और अध्यापकों के द्वारा मानव श्रृंखला बनाई गई। रैली में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मिठाई लाल, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अफरोज अहमद, अरविंद कुमार मिश्रा, अभय कुमार पटेल, शशि यादव, बीएओ मालती देवी, राजकुमारी,डीएलएड के प्रशिक्षु शशिकांत, विकास कुमार,प्रिया यादव और सुधा उपस्थित रहे।

# रक्तदान यात्रा कर 24 बार कर चुके हैं रक्तदान

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** भूखे को खाना खिलाना प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का काम है, लेकिन इससे भी बड़ा पुण्य है रक्तदान यानी महादान करना यह काम एक इको इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष रक्तदाता संदीप सेठ' सिद्धार्थ' विगत कई वर्षों से अपना खून देकर कर रहे हैं। उन्होंने अब तक करीब 5 हजार किलोमीटर की यात्रा कर देवरिया, प्रयागराज ,लखनऊ ,गोरखपुर एवं वाराणसी इत्यादि कई अन्य जिलों में रक्तदान कर जागरूकता फैला रहे हैं हाल ही में संदीप सेठ ने टाटा ट्रस्ट द्वारा संचालित महामना मदन मोहन मालवीय कैंसर अस्पताल वाराणसी में 20 मार्च 2024 को 24 वी बार स्वैच्छिक रक्तदान किया` उस दौरान कैंसर अस्पताल की एमएसडब्ल्यू खुशबू सिंह ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उनके इस जुनून को लेकर कई बार उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका है ,कुछ करने का जज्बा लिए संदीप सेठ बताते हैं कि उनकी चाहत है राष्ट्रीय ब्लड डोनर बनने का,बताते चले की संदीप सेठ के इसके अलावा इको इंडिया नाम की संस्था बनाया है जिसका कार्य पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण एवं नदी को निर्मल करने का अभियान चला रहे है।

## 322 अपर जिला जजों का तबादला, 15 अप्रैल तक नए स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने का आदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश की अदालतों में कार्यरत 322 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशों का तबादला किया है। सभी को 15 अप्रैल को दोपहर बाद कार्यभार सौंपकर नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए कहा गया है। साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि इस वार्षिक स्थानांतरण के खिलाफ किसी प्रकार की अर्जी पर कार्यभार ग्रहण करने तक विचार नहीं किया जाएगा।जिन न्यायिक अधिकारियों ने समय से पहले अनुरोध पर तबादला लिया है वे यात्रा भत्ते के हकदार नहीं होंगे। तैनाती की शीघ्र ही अधिसूचना जारी की जाएगी। इस आशय का आदेश महानिबंधक राजीव भारती ने पांच अप्रैल को जारी किया है।

# ह्यूमन चेन फार वोट में- उमड़ी भीड़ आप का मतदान-प्रयागराज की शान




**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जनपद प्रयागराज में मतदान सम्पन्न होना है। मतदाता पंजीकरण हेतु विशेष पुनरीक्षण अभियान के अर्न्तगत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न तिथियों के माध्यम से मतदाता पंजीकरण का कार्य कराया गया है। ऐसे अर्ह मतदाता जिनकी आयु 01.04.2024 को अथवा इसके पूर्व 18 वर्ष हो चुकी है और अब तक मतदाता के रूप में पंजीकरण नहीं कराया जा सका है, उन्हें मतदाता के रूप में पंजीकरण कराये जाने एवं आगामी 25 मई 2024 को शतप्रतिशत मतदान किये जाने के दृष्टिगत जनपद प्रयागराज की सभी विधान सभा क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों/स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु मानव-श्रृंखला बनायी गयी। मुख्य कार्यक्रम सुभाष चैराहा सिविल लाइन्स में सम्पन्न हुआ। जिसमें शहर के माध्यमिक विद्यालयों के 10 हजार बच्चे एवं लगभग 3 हजार स्वैच्छिक संगठनों के वालेंटियर्स सम्मलित हुये। सर्वप्रथम जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रयागराज व मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप प्रयागराज तथा श्री0पी0एन0सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक/सहायक नोडल अधिकारी स्वीप तथा गणमान्य जनो द्वारा राष्ट्र के सपूत नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य मंच पर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज द्वारा जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मतदान हेतु जिलाधिकारी महोदय की अपील पत्र का वितरण सम्पूर्ण जन मानस में किया गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में 25 मई को घरो से निकल कर हम सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना है। मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी कहा कि हमारे बच्चे अपने माता-पिता, घर परिवार सहित पास-पड़ोस को भी मतदान हेतु प्रेरित करेगें। जिलाधिकारी महोदय ने अपने उद्बोघन में कहा कि प्रयागराज बुद्धिजीवियों का शहर है अतः यहॉ का मतदान प्रतिशत आयोग द्वारा अपेक्षित 70 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि ऐसे अर्ह मतदाता जिनकी आयु 01.04.2024 को अथवा इसके पूर्व 18 वर्ष हो चुकी है वे 26 अप्रैल 2024 तक मतदाता के रूप में अवश्य रजिस्टर कराये। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करायी जा रही है, मतदाताओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। विशाल मानव-श्रृंखला को देखते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा विश्वास है कि हम लक्ष्य में अवश्य सफल होगें। ह्यूमन चेन फार वोट का यह कार्यक्रम जनपद के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में एक साथ सम्पन्न हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0सिंह ने बताया कि महाविद्यालयों के साथ-साथ जनपद के सभी 1120 माध्यमिक विद्यालयों एवं समस्त प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों, विद्यार्थियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में मानव श्रृंखला बनायी गयी। एक अनुमान के आधार पर सम्पूर्ण जनपद में पॉच से छः लाख प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभागिता की गयी। कार्यक्रम का संचालन राज्य संदर्भ दाता डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालयों के साथ-साथ व्यापार मण्डल, टैम्पो टैक्सी यूनियन, सिविल डिफेन्स, जिला अपराध निरोधक समिति के वालेंटियर भी सम्लित हुये। इस अवसर पर स्वीप ऑइकन सोनाली चक्रवर्ती, अजय कुमार गुप्ता, राजेन्द्र तिवारी (दुकान जी), सुशील खरबन्दा, रघुनाथ द्विवेदी, सहित स्वीप टीम के सह जि0वि0नि0 एल0बी0मौर्य, धमेंन्द्र कुमार सिंह, डॉ0 बी0एस0यादव, के0के0त्रिपाठी, किरन राय, बृजेश श्रीवास्तव, अनुपम परिहार, श्रीमती एकता शुक्ला, राकेश पाण्डेय, शेष नाथ सिंह एवं जनपद के क्रीडा अध्यापक, कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज के सभी सम्मानित कार्मिक गण की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न विद्यालय के बच्चों द्वारा स्काउट बैण्ड वादन रहा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा मतदाता शपथ दिलायी गयी। अन्त में पी0एन0सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज द्वारा सभी के प्रति आभार/धन्यवाद देते हुये कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गयी।

# कन्ट्रोल रूम में आने वाली शिकायतों का नियमानुसार करें निस्तारणः डीएम

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने कन्ट्रोल रूम का किया औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु विकास खण्ड सदर में बनाये गये कन्ट्रोल रूम एवं मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) का किया निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सुविधा पोर्टल पर आये हुये आवेदनों की संख्या की जानकारी प्राप्त की तथा सभी विधानसभावार बनाये गये हेल्पलाइन काउंटर की पड़ताल की। जिलाधिकारी ने सी-विजिल की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुये सभी कार्मिकों को ससमय अपना कार्य कुशलतापूर्वक करने का निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समयावधि के भीतर शिकायतों का नियमानुसार निस्तारण किया जाये। उन्होने कन्ट्रोल रूम के प्रभारी एवं कर्मचारियों को सतर्कता एवं गम्भीरतापूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया। एमसीएमसी निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये गये कि मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी का कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है, इसे पूरी सतर्कता एवं गम्भीरतापूर्वक किया जाये। उन्होने कहा कि एमसीएमसी समिति द्वारा प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं सोशल मीडिया पर प्रकाशित व प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों पर नजर रखी जाये। निरीक्षण के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद उपस्थित रहे।



कन्ट्रोल रुम का निरीक्षण करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

# संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर अंतिम मतदाता सूची जारी, बढ़ी चुनावी सरगर्मी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में पांच सौ सरसठ अधिवक्ता संघ के नए पदाधिकारियों को चुनेंगे। चुनाव समिति द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची के तहत तहसील एवं दीवानी में प्रैक्टिस करने वाले पांच सौ सरसठ अधिवक्ताओं को मतदाता बनाए जाने पर मुहर लगी है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि अधिवक्ताओं के सभी आवेदनों पर परीक्षण करते हुए समिति ने अंतरिम मतदाता सूची के तहत छूटे हुए नामों को बढाने पर आम सहमति हुई।

चुनाव समिति द्वारा पन्द्रह अप्रैल को निर्वाचन कार्यक्रमों की विधिवत घोषणा की जाएगी। बैठक का संचालन महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने किया। समिति के प्रवक्ता विकास मिश्र ने बताया कि नई कार्यकारिणी के लिए अप्रैल माह के भीतर चुनाव कराए जाने पर भी आम सहमति बनी है। बैठक में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में आदर्श आचार संहिता के लिए पैनल का भी गठन किया गया है। बैठक में टीपी यादव, अजय शुक्ल गुडडू, शिवाकांत उपाध्याय, राममोहन सिंह, राव वीरेन्द्र सिंह, कालिका प्रसाद पाण्डेय, राधारमण शुक्ल, बेनीलाल शुक्ल, वीरेन्द्र सिंह अगई, संतोष पाण्डेय, रामलगन यादव, लाल राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## धार्मिक प्रवचन में आयेंगे मानस मर्मज्ञ, आज होगा शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शिक्षाविद पंडित रामनरेश मिश्र स्मारक त्रिदिवसीय धार्मिक प्रवचन के ग्यारहवें आयोजन का लालगंज नगर में आज रविवार से शुभारंभ होगा। घुइसरनाथ रोड के छोटी नहर के पास इस धार्मिक प्रवचन में मानस मर्मज्ञ भगवान की कथा पर प्रवचन करेंगे। कथा शाम चार बजे से रात्रि दस बजे तक होगी। एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष व कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार मिश्रा ने बताया कि इस आयोजन में देवरिया से पंडित अखिलेश मणि शांडिल्य, अयोध्या से पंडित राम शरण दास , आगरा से रेखा रामायणी कथा सुनाएंगी। वहीं धार्मिक आयोजन में तीन कलश तिवारी मंदिर के महंत व अयोध्या के महापौर पंडित गिरीश पति त्रिपाठी भी आयेंगे।

## बालिकाओं का नामांकन अगली कक्षाओं में करवाना शीर्ष प्राथमिकताः डॉ अमरेंद्र


छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड देते मुख्य अतिथि।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय मंगरौरा में मीना मंच गठन तथा कक्षा आठ की छात्राओं के विदाई समारोह में उपस्थित अभिभावकों, छात्राओं एवं अभिभावकों को सम्बोधित किया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं का उल्लेख करते हुए डायट प्रवक्ता अमरेंद्र कुमार मिश्र ने अभिभावकों से छात्राओं का अगली कक्षाओं में प्रवेश कराने हेतु अपील की। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मंगरौरा प्रतापगढ़ की वार्डन तैयबा अब्बासी ने सत्र 2023-24 में विद्यालय द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। शिक्षिका प्रीति मौर्या एवं मृदुला सिंह द्वारा उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कराये गये। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शैक्षणिक कर्मचारी एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पैरा मिलिट्री व सिविल पुलिस ने किया फ्लैग मार्च


बाजार में फ्लैग मार्च करते पैरा मिलिट्री व सिविल पुलिस के जवान।

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** अगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुए शनिवार को पैरा मिलिट्री व सिविल पुलिस के साथ नवाबगंज थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर ने थाना क्षेत्र के कालाकांकर, आलापुर, नवाबगंज, पाईकगंज बाजार परियावां, अस्थान, अदलाबाद, लवाना कुसुवापुर रेवली, ऐंठू रामनगर का फ्लैग मार्च किया और थाना प्रभारी ने लोगों से अपील किया कि आप लोग निर्भीक होकर स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करे और अपराधी व शरारती तत्वों द्वारा मतदान के दौरान डराने धमकाने वालो की सूचना हमको दे नाम गुप्त रखा जाएगा। पुलिस् आपके सामने खड़ी मिलेगी।

## भाजपाईयों ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस


स्थापना दिवस पर मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल।

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करके नमन किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और हमें गर्व है कि हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं। इस दौरान सभासद राम चरित्र वर्मा, संतोष पुष्पाकर, मोहम्मद कैफ, गौरव श्रीवास्तव, अतुल कुमार सिंह, रमेश सोनी, मृत्युंजय सिंह मौजूद रहे।

# देशी बम के साथ तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

### अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा अपराध/अपराधियों के विरूद्ध निरंतर चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना आसपुर देवसरा से उ0नि0 राजेश कुमार मय हमराह उ0नि0 घनश्याम यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र आसपुर देवसरा के बैजलपुर तिराहा के पास से एक अभियुक्त जमाल पुत्र हकीमुद्दीन निवासी ग्राम लमहन थाना महाराजगंज जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चार देशी बम बरामद किया गया।

उधर थाना आसपुर देवसरा से उ0नि0 प्रभात कुमार सिंह मय हमराह उ0नि0 राजन कुमार बिन्द, का0 शिवम यादव, का0 ज्वाला सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र आसपुर देवसरा के सुल्तानपुर हाइवे मोड़ ढकवा के पास से दो अभियुक्तों मो0 सुभान पुत्र इबारत व मो0 डिशान पुत्र इबारत निवासीगण सोनावा थाना चाँदा जनपद सुल्तानपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मो0 डिशान के कब्जे से एक अदद अवैध तमन्चा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व अभियुक्त मो0 सुभान के कब्जे से चार देशी बम बरामद किया गया।

उधर थाना मानिकपुर से उ0नि0 जिलेदार पाल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र मानिकपुर के मुन्दीपुर कस्बा के पास से एक अभियुक्त विमलेश कुमार सरोज पुत्र स्व0 श्रीनाथ सरोज नि0ग्राम गुलामीपुर पोस्ट लोकयापुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ को एक अदद अवैध तमन्चा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 72/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## हत्या के प्रयास में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना दिलीपपुर से उ0नि0 जगदीश प्रसाद वर्मा मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना दिलीपपुर के मु0अ0सं0 42/24 धारा 147, 148, 149, 307, 308, 323, 504, 506, 286 427 भादवि में दो वांछित अभियुक्तों इसरत अली पुत्र मो0 अली व स्याद अली पुत्र अली नि0 ग्राम खमपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ को उसके गांव से मस्जिद के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 02 लाठी/सम्बल बरामद किया गया।

# कार की टक्कर से मासूम छात्र की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात कार की टक्कर से मासूम छात्र की दर्दनाक मौत हो गयी। लालगंज कोतवाली के पूरे ब्रम्हचारी मोठिन निवासी राजकपूर सोनकर का पुत्र रिषभ 12 धारूपुर स्थित एमपी गुप्ता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल में कक्षा दो का छात्र था।

शनिवार को दोपहर रिषभ सड़क के समीप स्थित अपने घर से रोड पर निकला। तभी मोठिन की ओर से खण्डवा जा रही तेज गति की कार ने उसे टक्कर मार दिया। दुर्घटना में रिषभ की मौत हो गयी। रिषभ दो भाईयों में बड़ा था। उसका छोटा भाई आजाद सोनकर सात वर्ष का है। रिषभ की मौत को लेकर मां रूबी सोनकर का रो रो कर बुराहाल दिखा। मृतक मासूम का पिता मुम्बई में कारोबारी किया करता है। मासूम की मौत की जानकारी होते ही उसके घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर लालगंज प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। कार चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि विधिक प्रक्रिया के बाद तहरीर के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा। मासूम की मौत को लेकर गांव में भी गम का माहौल बना दिखा।


घटनास्थल पर जुटी भीड़।

## विपक्षियों से मिली भगत कर पुलिस ने दर्ज किया फर्जी मुकदमा

### पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विपक्षियों से मिली भगत कर कोतवाली पुलिस पर फर्जी तरीके से मुकदमा दर्ज करने के आरोपों की शिकायत क्षेत्राधिकारी से करते हुए पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के बीरापुर खुर्द गांव के रहने वाले रामकुमार पुत्र मनीराम ने क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके पड़ोसियों से जमीन को लेकर माह भर पूर्व विवाद हो गया था।

पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट, गाली गलौज, बलवा समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। इसी मामले में विपक्षियों ने पीड़ित को जान से मार देने की धमकियां दी जा रही हैं। पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि विपक्षियों ने धन बल के द्वारा एक माह बाद उसके ऊपर मनगढ़ंत फर्जी तरीके से गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करवा दिया है। जिसकी जानकारी जब उसे हुई तो वह शिकायत लेकर क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचा और पुलिस समेत विपक्षियों पर गंभीर आरोपों की तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## बसपा में शामिल हुए समाजसेवी जयशंकर मिश्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजसेवी जयशंकर मिश्रा अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बहुजन समाज पार्टी में शामिल हो गये। बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सुशील गौतम ने बसपा के समाजसेवी जयशंकर मिश्र को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान जयशंकर मिश्र ने कहा कि पार्टी ने भरोसा करके हमें उम्मीदवार बनाया तो जनता के बीच में जाकर सर्व समाज के लोगों से उनका विश्वास मत हासिल करके सांसद बनने के बाद जनता का सेवा करूंगा। बता दें कि बसपा के नेता जयशंकर मिश्रा लगातार जिले में जनसंपर्क करते हुए बहन जी के शासन सुशासन के बारे में बताते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता अश्वनी राणा भी मौजूद रहे।

## अनियंत्रित डाला ने ठेले में मारी टक्कर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ठेले पर दाना भूंज रहे ठेला चालक के ठेले में अनियंत्रित डाला ने मारी टक्कर टूटा ठेला उसे पर रखा उसका सामान रोड पर गिरकर बिखर गया और पिकअप डाला चालक को कोतवाली के सामने पड़कर पुलिस के हवाले किया। कस्बे के चैक मेन रोड के पास ठेले पर दाना भूंज रहे राजू गौड़ के ठेले में अनियंत्रित डाला ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद डाला चालक डाला लेकर भागने लगा लोगों के हल्ला गुहार मचाने पर स्थानीय लोगों ने डाला चालक को दौड़ा लिया। और डाला चालक को पट्टी कोतवाली के सामने डाला समेत चालक को पकड़ लिया। कोतवाली के सामने भीड़ देख मौके पर पुलिस पहुच गई और डाला समेत डाला चालक को थाने ले गयी। और डाला सीज कर दिया। वहीं ठेला मालिक राजू गौड़ ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि पिकअप डाला व चालक को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पत्थरबाजी का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के हण्डौर पूरे वैद्यन निवासी कुलदीप तिवारी पुत्र स्व. प्रदीप तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार अप्रैल को रात करीब साढ़े नौ बजे वह घर पर आराम कर रहा था। अभी पीड़ित के घर अज्ञात बदमाशों ने ईट व पत्थर फेंककर दहशत का माहौल बनाया। पत्थरबाजी में पीड़ित को चोट भी लग गयी। इसके पूर्व भी आरोपियों ने उसके घर पर चोरी का प्रयास किया था। पीड़ित के शोर मचाने पर तहरीर के मुताबिक आरोपी बाइक से भाग निकले। पीड़ित का आरोप है कि बगल के पुरवे के कुछ संदिग्ध उसके घर पर वारदात के जरिए चोरी की घटना अंजाम देने के प्रयास में हैं। लीलापुर पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# वन विभाग व पुलिस की मिली भगत से चल रही है अवैध आरा मशीनें

### हरे पेड़ों की कटाई जोरों पर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** वन विभाग व पुलिस की मिली भगत से इलाके में एक दर्जन अधिक अवैध आरा मशीनें जहां धड़ल्ले से चल रही है वहीं हरे पेड़ों की कटाई भी जोरो पर की जा रही रही है, जिससे पर्यावरण पर संकट छा गया है। वहीं वन विभाग व पुलिस मूकदर्शक बना हुआ है।

वन क्षेत्र पट्टी व रानीगंज तहसील के अंतर्गत आने वाले गांव आशापुर, शेखपुर अठगवां, गजरिया, रसुलहा, सरखेलपुर मोलनापुर, दोनई धनगढ़ सराय छिवलहा सहित कई गांवों में इन दिनों हरे पेड़ों की कटाई वन माफिया कर रहे हैं। इसके साथ ही इन इलाकों में एक दर्जन से अधिक अवैध आरा मशीन भी चल रही है।वन विभाग व पुलिस की निष्क्रियता से वन माफियाओं के हौंसले बुलंद हैं। इतना ही नहीं जिन आरा मशीनों के लाइसेंस है ग्राहकों की सूखी लड़की फाड़ने का वह भी हरे पेड़ों की कटाई धड़ल्ले से कर रहे हैं। और उनकी आरा मशीनों पर लाखों रुपए के हरे पेड़ काट कर रखें गए हैं। लेकिन इन माफियाओं पर पुलिस व वन विभाग का भी आशीर्वाद प्राप्त है, जिससे पर्यावरण पर संकट गहरा गया है।

# एएसपी ने कोतवाली का किया औचक निरीक्षण, हडकंप

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय ने शनिवार को स्थानीय कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। एएसपी के अचानक कोतवाली पहुंचने पर पुलिसकर्मियों में हडकंप देखा गया। एएसपी ने अप्रैल माह में ईद, अम्बेडकर जयंती, रामनवमी तथा अन्य पर्वो को लेकर वीट आरक्षियों तथा थानेदारों से एहतियात बरतनें को कहा। उन्होने लोकसभा चुनाव को लेकर शांति व्यवस्था के बाबत पुलिसकर्मियों को संवेदनशील स्थानों पर भ्रमणशील रहने के भी कड़े निर्देश दिये। एएसपी ने कोतवाली के अपराध रजिस्टर समेत अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। उन्होनें सभी अभिलेखों को दुरूस्त रखे जाने की भी हिदायत दी। एएसपी ने चुनाव को लेकर पाबन्दी कार्रवाई एवं बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी मातहतों को कड़ी सर्तकता के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने कोतवाली में मौजूद फरियादियों की शिकायतों की भी सुनवाई की। इन शिकायतों के बाबत प्रभारी निरीक्षक को सम्बान्धित पुलिसकर्मियों को मौके पर भेजवाए जाने के निर्देश दिये। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित ने एएसपी को वांछित सूचनाएं प्रदान की।

## जालसाज ने एटीएम से उडाये पन्द्रह हजार, दी गई तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बैंक के एटीएम से पैसा निकालने गये पीड़ित के साथ आरोपी द्वारा धोखाधडी कर पन्द्रह हजार रूपये गड़प कर लिये गये। पीडित ने घटना के बाबत लालगंज पुलिस को तहरीर दी है। रानीगंज कैथौला के समीप अगई के खारा का पुरवा निवासी रामसजीवन वर्मा के पुत्र नीरज वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पांच अप्रैल को वह दिन मे सवा एक बजे रानीगंज कैथौला के एसबीआई के एटीएम में अपनी मामी रेनू देवी के एटीएम से पैसा निकालने आया था। एटीएम सेण्टर पर मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे झांसे मे लेते हुए कहा कि एटीएम मुझे दे दो पैसा निकाल दे रहा हूं। आरोपी ने पीडित का एटीएम बदलकर पन्द्रह हजार रूपये निकाल लिये। अगले दिन छः अप्रैल को दिन में बारह बजे पीड़ित के एटीएम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा पन्द्रह हजार रूपये निकाले जाने की सूचना आयी। पीड़ित ने घटना के बाबत एक संदिग्ध के खिलाफ तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

संपादक की कलम से

## सेवाग्राम में साझे भविष्य की तलाश

हाल के दिनों में आई स्वास्थ्य जागरूकता के कारण जैविक उत्पादों की मांग बढ़ गई है, पर पूर्ति कम है। क्योंकि जैविक खेती कम होती है और जो जैविक किसान करते भी हैं तो उनके उत्पाद बेचने में कठिनाईयों का भी सामना करना पड़ता है। कुछ जगहों पर यह देखने में आया है कि जैविक किसानों को अपेक्षित सफलता नहीं मिल रही है।

हाल ही में गांधीजी की कर्मस्थली सेवाग्राम में अनूठे बीजोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें देश के कई कोनों से जैविक व प्राकृतिक खेती करने वाले कई किसान शामिल हुए। इस तीन दिनी कार्यक्रम में देशी बीजों की खेती, जलवायु बदलाव, बीजों के कानून और नई खेती पद्धतियों पर विचार-विमर्श हुआ। यह कार्यक्रम 29 से 31 मार्च तक आयोजित था। सेवाग्राम यानी सेवा का गांव। यह महाराष्ट्र के वर्धा शहर से 8 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। सेवाग्राम आश्रम में गांधीजी ने जीवन के उत्तरार्ध का एक दशक से ज्यादा समय बिताया था। गांधीजी के साथ वहां उनके कुछ सहयोगी भी रहे। वहां जो छोटे घर बनाए गए, उन्हें कुटी के नाम से जाना जाता है। जिनमें बापू कुटी व बा ( कस्तूरबा गांधी ) कुटी शामिल हैं। उस जमाने की ये कुटियां गांधीजी की सादगी व सरलता की बानगी देती हैं।

यहां मिट्टी के घर,लकड़ी और छतों पर खपैरल से बने हैं। प्राकृतिक खेती, नई तालीम का स्कूल, खादी व चरखा और सादा रसोईघर है। हरे-भरे पेड़-पौधे, रंग-बिरंगे फूल व लताओं से सजा परिसर है। सादगी व सुघड़ता यहां की पहचान है। यहां प्रकृति की अपनी संस्कृति है, लय है। गांधी इसी लय को समाज में उचित स्थान दिलाना चाहते थे।

बीजोत्सव भी गांधी की प्रेरणा की एक मिसाल है। यह खेती के गहरे संकट से जुड़ा है। इसकी शुरूआत करीब एक दशक पहले कपास के किसानों की खुदकुशी से चिंतित होकर की गई थी। उस समय अधिकांश किसान बैंक से कर्ज लेकर खेती करते हैं और कर्ज के बोझ तले दबकर ही जान दे रहे थे।

गांधीवादी सोच के कुछ लोगों व संस्थाओं ने मिलकर इसकी शुरूआत की थी, जिससे किसानों की मदद की जा सके। मैं इसमें दूसरी बार शामिल हुआ।

बीजोत्सव में सुरक्षित व पौष्टिक खान-पान पर जोर दिया जाता है। देशी बीजों की गोबर खाद व हल-बैल वाली प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाता है। इसमें खेती को पशुपालन से जोड़ने की सोच है, जिससे मिट्टी को गोबर व केंचुआ खाद से उर्वर बनाया जाए और दूध-घी से भोजन में पौष्टिकता भी बढ़े। यह खेती रासायनिक खाद से मुक्त होती है। कोविड-19 के बाद से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए जैविक और प्राकृतिक तरीके से उत्पादित अनाज और सब्जियां जरूरी हैं। सभी जानते हैं कि रासायनिक खेती में उत्पादन के साथ बीमारियां भी बढ़ी हैं। इसका एक उदाहरण जबलपुर से अमरावती एक्सप्रेस ट्रेन है। इसमें अधिकांश सवारियां मरीज होती हैं, जो नागपुर इलाज कराने जाती हैं। इस कारण इस ट्रेन को ही लोग एम्बुलेंस कहने लगे हैं। इसी ट्रेन से मैं 30 मार्च को इटारसी से वर्धा पहुंचा था। सतपुड़ा अंचल वाले इलाका है जहां 70-80 के दशक में आधुनिक रासायनिक खेती शुरूआत हुई थी। सोयाबीन, गेहूं और धान की रासायनिक खेती का प्रचलन बढ़ा। यह पूरी खेती ट्रेक्टरों व हारवेस्टरों से होती है और रासायनिक खाद, कीटनाशक, नींदानाशक दवाईयों का भरपूर उपयोग होता है। लेकिन अब सोयाबीन की खेती इस इलाके में लगभग खत्म हो गई है पर गेहूं और धान की फसलें रासायनिक खेती से ही की जा रही है। इससे बीमारियां भी काफी बढ़ी हैं। हाल के दिनों में आई स्वास्थ्य जागरूकता के कारण जैविक उत्पादों की मांग बढ़ गई है, पर पूर्ति कम है। क्योंकि जैविक खेती कम होती है और जो जैविक किसान करते भी हैं तो उनके उत्पाद बेचने में कठिनाईयों का भी सामना करना पड़ता है। कुछ जगहों पर यह देखने में आया है कि जैविक किसानों को अपेक्षित सफलता नहीं मिल रही है।

कई बार किसानों के पास सही जानकारियों का अभाव रहता है और कई बार उन्हें समय पर अच्छे बीज नहीं मिल पाते। बीजोत्सव का आयोजन इन्हीं उद्देश्यों को लेकर किया जाता है, जिससे किसानों को उचित जानकारी, एक दूसरे से सीखना, नई तकनीक, वैज्ञानिक जानकारी और परंपरागत बीजों का आदान-प्रदान किया जा सके। इसके अलावा, खेती में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। लेकिन ग्रामीण इलाकों की महिलाएं कई कारणों से ऐसे कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो पातीं। इसलिए, उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिले, इसका प्रयास किया जाता है। इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों की बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। महिलाओं ने उनके जैविक उत्पादों के स्टॉल भी लगाए थे। मैंने उनकी आंखों में जैविक उत्पाद बेचते हुए आत्मविश्वास की चमक देखी, यह आत्मनिर्भरता का भी अच्छा उदाहरण है। इस कार्यक्रम में मिट्टी की उर्वरता बचाने पर जोर दिया गया। फसलों के ठंडल व अवशेष न जलाएं जाएं बल्कि उनसे जैव खाद बनाई जाए। खेतों की मेड़ों पर पेड़ लगाएं जाएं, जिससे खेतों में नमी बने रहे, उनकी पत्तियों से जैव खाद भी बने। जलवायु बदलाव के दौर में पेड़ लगाना और भी जरूरी हो गया है । यह एक ऐसा मौका होता है जब किसान और उपभोक्ताओं का आपस में जुड़ते हैं। जिससे किसानों को उनके उत्पाद का उचित दाम मिले और उपभोक्ताओं को भी वाजिब दाम में पौष्टिक अनाज मिल सके। यहां वे साझा भविष्य तलाशते हैं।

## और या औरत

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

उसकी शादी नहीं समझौता हुआ था। शादी दो दिलों के मिलने का नाम तो समझौता एक-दूसरे का एक ही कमरे में रहकर अलग-अलग जिंदगी गुजर बसर करने का नाम है। वह सिंदूर भरने वालों हाथों में कठपुतली बनकर रह गई। सिंदूरी हाथ जैसा नाच नचाता था, वह वैसा नाचती जाती थी। कभी हवा में उड़ने वाली पतंग की तरह लगती थी तो कभी कटी पतंग की तरह। उसकी पलकों से दुखों का सागर बहने के लिए उमड़ता रहता था। कभी दाँतों से होंठों को दबाए अपने ही ज्वार-भाटा में पीसती जाती थी। दिल में दुखों की अनंत गहराई जिसमें उतरने का साहस तो दूर जानने की जुर्रत नहीं करने वाला जमाना, किताबों में प्रशांत महासागर की गहराई पढ़कर स्वयं को ज्ञानी समझने लगता था। कितना अच्छा होता शब्दकोश से औरत के लिए स्त्री, महिला आदि शब्द हटाकर पराई जिंदगी जीने वाली मशीन कर दिया जाता। कम से कम इसे ही सच्चाई मानकर वह झूठमूठ के नारी पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता जैसे ढोंगी कथनों से खुद को दूर रखती।

दो घरों के बीच शादी नाम की प्रथा के चलते किसी वस्तु की तरह विनिमय कर देने वाली जिंदगी कई अंतर्पीड़ाओं की अथक गूंज होती है। दान देने वाले और दान लेने वालों के बीच अग्नि को साक्षी मानकर सात कदम नापने वाली औरत किसी के लिए और तो किसी की औरत बन जाती है। और से औरत बनने की यात्रा में कइयों की जिंदगियाँ टूटकर चकनाचूर हो जाती हैं। कुछ के लिए सिर पर धरा बोझ तो कुछ के लिए सीने पर रखा पत्थर होती हैं औरत! अपने तन से किसी और मन के लिए जीना, अपने से पहले दूसरे के लिए सोचना, अपनी आँखों को किसी और के लिए बिछा कर रखना, अपने अस्तित्व को किसी और के लिए न्यौछावर कर देना, अपनी पीड़ाओं को किसी और के दुखों के लिए भुला देना, अपनी अधूरी जिंदगी को किसी की पूरी जिंदगी बनाने के लिए खुद को मिटा देना दुनिया में एक अकेली औरत ही कर सकती है। शायद इसीलिए धरती औरत है जो सब कुछ सहते हुए टस से मस नहीं होती, जबकि पुरुष आकाश की तरह स्वतंत्र होता है। अपनी मर्जी का मालिक होता है। जहाँ-तहाँ घुम फिर सकता है। कुछ बेड़ियाँ होती हैं जो दिखायी नहीं देती। केवल अनुभूत की जा सकती है।

औरत जिसका अर्थ है औरो के लिये अर्थात औरो मे रत रहने वाली। रात दिन औरो के लिये जीने वाली। औरो की पीड़ा को हरने वाली, खुद हार कर औरो को जिताने वाली। औरो को जन्म देने वाली फिर उसका पालन-पोषण कर योग्य बनाने वाली। ईंट-सीमेंट के बेजान मकान को घर बनाकर उसे सजाने-संवारने वाली। गलती चाहे किसी की भी हो, कमियॉ भले औरो मे हो पर दोषी वही ठहराई जाती है, क्योकि रिश्तो को संभालने की और उसको बचाने की भारी भरकम जिम्मेदारी सिंदूर के रूप में भर दी जाती है। जरा सी ऊंच-नीच हुई कि नहीं अपने घर की अदालत में खड़ी कर दी जाती है। कभी-कभी फैली हुई उंगलियों और थकी-झुर्राई माथे की सिलवटों के भीतर घुटती जाती है। घर में कई कमरे हैं, फिर भी उसके दुखों को बांटने वाली कोई जगह नहीं है। जो अक्षरमाला में ओ से ओखली में सिर देने के लिए औ से औरत बनकर जीती हो उसके लिए जीना भी मरने के समान प्रतीत होता है।

# बढ़ती बीमारियों के बीच स्वास्थ्य-क्रांति की अपेक्षा

**विश्व स्वास्थ्य दिवस- 7 अप्रैल, 2024**
**-ललित गर्ग-**

हर वर्ष दुनिया के लोगों की उन्नत स्वास्थ्य की अपेक्षा के साथ 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाता है। दुनिया भर में लोगों को प्रभावित करने वाले एक विशिष्ट स्वास्थ्य मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाना इसका ध्येय है। यह सामूहिक कार्रवाई, शिक्षा और सभी के लिए स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने का दिन है। 2024 की थीम - मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ स्वस्थ खाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि कैसे दुनिया एक साथ आकर सभी को लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है। चिकित्सा के क्षेत्र में नए खोज, नई दवाओं और नए टीकों को बनाने के साथ ही स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना भी विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्राथमिकता है। सन्‌ 1948 में, दुनिया के तमाम देशों ने एक साथ मिलकर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, दुनिया को सुरक्षित रखने और कमजोर लोगों की सेवा करने के लिए डब्ल्यूएचओ की स्थापना की, ताकि हर व्यक्ति हर जगह स्वस्थ्य रहे और उच्चतम स्तर की मदद प्राप्त कर सके। इसके दो साल बाद 1950 में पहला विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल को मनाया गया। इस बार का विषय इस सोच को दशार्ता है कि स्वास्थ्य एक बुनियादी मानव अधिकार है और हर किसी को बिना किसी वित्तीय कठिनाइयों के जब और जहां इसकी आवश्यकता हो, उसे स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए।




दुनिया की बड़ी चिन्ताओं में स्वास्थ्य प्रमुख है। सभी देशों में स्वास्थ्य की स्थिति सोचनीय एवं परेशान करने वाली है। वैज्ञानिक प्रगति, औद्योगिक क्रांति, बढ़ती आबादी, शहरीकरण तथा आधुनिक जीवन के तनावपूर्ण वातावरण के कारण शारीरिक एवं मानसिक रोगों में भारी वृद्धि हुई है। यह किसी एक राष्ट्र के लिये नहीं, समूची दुनिया के लिये चिन्ता का विषय है। अस्वास्थ्य वर्तमान युग की एक व्यापक समस्या है। चारों ओर बीमारियों का दुर्भेध घेरा है। निरन्तर बढ़ती हुई बीमारियों को रोकने के लिये नई-नई चिकित्सा पद्धतियां असफल हो रही है। जैसे-जैसे विज्ञान रोग-प्रतिरोधक औषधियों का निर्माण करता है, वैसे-वैसे बीमारियां नये रूप, नये नाम और नये परिवेश में प्रस्तुत हो रही है। 2021 में दुनिया की आधी आबादी से अधिक, 4.5 बिलियन से अधिक लोगों के पास आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पर्याप्त पहुंच नहीं थी। दो अरब लोग स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं क्योंकि उनके पास विभिन्न रोगों के उपचार पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं। दुनिया भर में लगभग 930 मिलियन लोगों को अपने घरेलू बजट का 10 प्रतिशत या उससे अधिक स्वास्थ्य पर खर्च करना पड़ रहा है, जिससे उनकी वित्तीय हालत और खराब हो रही है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस स्थान, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना स्वास्थ्य के अधिकार को मौलिक मानव अधिकार के रूप में उजागर करता है। यह एक ऐसी दुनिया की वकालत करता है जहां केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को ही नहीं, बल्कि सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्राप्त हो। यह दिवस केवल जागरूकता बढ़ाने के बारे में नहीं है; यह परिवर्तन का उत्प्रेरक है, यह स्वास्थ्य-क्रांति का शंखनाद है। यह व्यक्तियों को स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करता है, सरकारों को स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे और संसाधनों में निवेश करने के लिए प्रेरित करता है, और स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों को उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में लगातार सुधार करने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन सीमाओं और सांस्कृतिक विभाजनों से परे है। यह दुनिया भर के लोगों को एक समान लक्ष्य में एकजुट करता है, एक ऐसी दुनिया जहां हर कोई अच्छे स्वास्थ्य के साथ पनप सके। यह प्रभावी, सुरक्षित, सस्ती और सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व पर जोर देता है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस विश्व क्षय रोग दिवस, विश्व टीकाकरण सप्ताह, विश्व मलेरिया दिवस, विश्व तंबाकू निषेध दिवस, विश्व एड्स दिवस, विश्व रक्तदाता दिवस, विश्व चगास रोग दिवस, विश्व रोगी दिवस के साथ डब्ल्यूएचओ द्वारा चिह्नित 11 आधिकारिक वैश्विक स्वास्थ्य अभियानों में से एक है। इस साल डब्ल्यूएचओ अपनी 75वीं वर्षगांठ भी मना रहा है, इसलिए इस दिन को खास बनाने के लिए, डब्ल्यूएचओ उन सार्वजनिक स्वास्थ्य सफलताओं को भी देखेगा, जिन्होंने पिछले साढे सात दशकों के दौरान जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। विश्व स्वास्थ्य दिवस स्थान, सामाजिक आर्थिक स्थिति या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना स्वास्थ्य के अधिकार को मौलिक मानव अधिकार के रूप में उजागर करता है। यह एक ऐसी दुनिया की वकालत करता है जहां केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को ही नहीं, बल्कि सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्राप्त हो। यह दिवस स्वास्थ्य देखभाल और बीमारी की रोकथाम में प्रगति को स्वीकार करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सफल रणनीतियों और नवाचारों को उजागर करना वैश्विक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए आगे की सफलताओं और प्रतिबद्धता को प्रेरित कर सकता है।

भारत की स्वास्थ्य स्थितियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुधर रही है, लेकिन इस सुधार में तीव्रता की अपेक्षा है। डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी डेटा ने भारत में एक और बढ़ते स्वास्थ्य संकट पर प्रकाश डाला है और यह है मोटापा और एनीमिया। रिपोर्ट के अनुसार, अब पुरुषों की तुलना में दोगुनी संख्या में महिलाएं एनीमिया से प्रभावित हो रही हैं। वहीं मोटापे के मामले में आंकड़ों पर नजर डालें तो महिलाओं में मोटापा 2015-16 में 21 प्रतिशत से बढ़कर 2019-20 में 24 प्रतिशत हो गया है। इनके अलावा रिपोर्ट में कहा गया है कि गुजरात, महाराष्ट्र सहित भारत के प्रमुख राज्यों में बच्चों में भी मोटापे में वृद्धि देखी जा रही है। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी के साथ, भारत 1.4 अरब से अधिक लोगों का घर है। 2018 में प्रति महिला औसतन दो बच्चों के जन्म पर, देश की जन्म दर प्रति हजार निवासियों पर 18.6 थी। औसत जीवन प्रत्याशा में 1920 के दशक से लगातार वृद्धि देखी गई है और 2019 में यह लगभग 69 वर्ष थी। हालाँकि, यह अभी भी लगभग 72 वर्षों के वैश्विक औसत से कम थी। विशेष नवजात देखभाल इकाइयों, नियमित टीकाकरण और बुनियादी मां और बच्चे की देखभाल सुविधाओं तक पहुंच प्रदान करने पर सरकार के बढ़ते ध्यान के कारण पिछले कुछ वर्षों में शिशु मृत्यु दर में भी लगातार गिरावट आई है। इसके अलावा, जब से कन्या भ्रूण हत्या और लिंग-चयनात्मक गर्भपात के सरकारी नियमों ने ऐसी प्रक्रियाओं को अवैध बना दिया है तब से देश में इसमें अपेक्षाकृत गिरावट देखी गई है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस जैसे आयोजनों में बीमारियों पर नियंत्रण के लिये योग एवं साधना, संतुलित आहार एवं संयमित जीवनशैली को भी हिस्सा बनाना चाहिए। हमारे शरीर के दो महत्वपूर्ण अवयव हैं- दिल और दिमाग। यानी हृदय और मस्तिष्क। ये दोनों समूचे शरीर-तंत्र का संचालन एवं नियमन करते है। शरीर के प्रत्येक अवयव की जीवंतता, सक्रियता, क्षमता और स्वस्थता इन दानों की स्वस्थता पर निर्भर करती है। जितनी भी मानसिक और कायिक बीमारियां या विकृतियां उत्पन्न होती है, वे इस बात की गवाह है कि किसी एक ने रोड क्रोसिंग पर खड़े ट्रेफिक पुलिस के निदेशों की उपेक्षा कर ओवर टेकिंग की कोशिश की है। सारी दुनिया में बढ़ते हुए मनोरोग एवं हृदयरोग इसी आंतरिक अव्यवस्था का परिणाम है। अन्य असाध्य बीमारियों का कारण भी असंतुलित जीवनशैली है। इसलिये अच्छे स्वास्थ्य के लिये मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बरतना नितान्त अनिवार्य है और ऐसी जागृति के लिये विश्व स्वास्थ्य दिवस जैसे आयोजनों को माध्यम बनाया जाना चाहिए।

**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई॰ पी॰ एक्सटेंशन, पटपड़गंज,**
**दिल्ली-92**

# काले धन के समतुल्य हैं इलेक्टोरल बॉण्ड

**- वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली**

जब चुनावी फंडिंग की चुनावी बॉण्ड योजना आई थी, तो संसदीय परम्परा के विशेषज्ञ सुभाष कश्यप का विचार था कि राजनैतिक दल चुनावों में कालेधन का भारी उपयोग करते हैं। राजनैतिक दलों को इन बॉण्डों को देने वालों का नाम जाहिर करना बाध्यकारी नहीं है, अतः पारदर्शिता का अभाव तो रहेगा ही। जिनका गैर-कानूनी काम किया गया है वे भी तो नेताओं के कहने पर उनके दलों को बॉण्ड दे सकते हैं।



चुनावी बॉण्ड असंवैधानिक करार कर उनसे राजनैतिक दलों को चुनाव फंडिंग न किये जाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह संज्ञान में रहना चाहिये कि कम-से-कम मान्य चुनावी प्रक्रियाओं के संदर्भ में चुनावी बॉण्ड से मिला धन शुचिता वाला धन न होकर काले धन के समतुल्य ही था। दुखद यह रहा कि जब प्रजातांत्रिक चुनावों में काले धन का वर्चस्व हर बीतते चुनावों के साथ बढ़ता ही जा रहा था, चुनावी बॉण्ड की गुमनामी धनराशि भी उसी रूप में इसमें मददगार भी हो रही थी। जब ये ऐन चुनावों के पहले जारी होते थे, तब तो खासकर इनसे पाये करोड़ों रुपयों से राजनैतिक दलों को चुनाव लड़ने में आसानी होती थी। लगभग पांच साल देरी से आये इस निर्णय से पहले चुनावों में गैर-बराबरी जारी थी। इससे कई दलीय उम्मीदवारों की हार-जीत पर असर भी पड़ा होगा। जब चुनावी फंडिंग की चुनावी बॉण्ड योजना आई थी, तो संसदीय परम्परा के विशेषज्ञ सुभाष कश्यप का विचार था कि राजनैतिक दल चुनावों में कालेधन का भारी उपयोग करते हैं। राजनैतिक दलों को इन बॉण्डों को देने वालों का नाम जाहिर करना बाध्यकारी नहीं है, अतः पारदर्शिता का अभाव तो रहेगा ही। जिनका गैर-कानूनी काम किया गया है वे भी तो नेताओं के कहने पर उनके दलों को बॉण्ड दे सकते हैं। फर्जी कम्पनियों के माध्यम से राजनैतिक बॉण्ड खरीदकर राजनैतिक आकाओं के दलों को उपकृत करने की संभावनाओं से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। ऐसा धन राजनैतिक इस्तेमाल के लिए शुचिता वाला धन कैसे हुआ? अक्टूबर 2023 में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी का बयान था कि इलेक्टोरल बॉण्ड के पहले जो कुछ पारदर्शिता थी वह भी खत्म हो गई। पहले राजनैतिक दलों को बीस हजार रुपये और उससे ज्यादा धन देने वालों की सूची चुनाव आयोग के पास होती थी। वह उनको सार्वजनिक भी करता था, परन्तु इलेक्टोरल बॉण्ड जारी होने के बाद यह अनिवार्यता और पारदर्शिता भी नहीं रही। समाचारों में ही था कि नवम्बर 2023 में जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे वहां जब्त राशि पिछले विधानसभा चुनावों के मुकाबले सात गुना ज्यादा थी। यदि सालों के अंतराल के बाद 31 अक्टूबर 2023 से चुनावी बॉण्ड की वैधता पर पुनः शुरू हुई सुनवाई पूरी होने के बाद भी उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ ने अपना निर्णय 2 नवम्बर 2023 को सुरक्षित न रखा होता तो शायद नवम्बर 2023 के विधानसभा चुनावों के पहले चुनावी बॉण्ड जारी भी न होते। स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की 29 शाखाओं से 29वीं बार 6 नवम्बर से 20 नवम्बर 2023 के दौरान चुनावी बॉण्डों की बिक्री, खरीदारी हुई थी। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में जो 2 नवम्बर के काफी बाद हुए थे, कुछ राजनैतिक दलों को चुनावी बॉण्ड का फायदा मिल ही गया। पहली बार चुनावी बॉण्ड मार्च 2018 में बिके थे। इसके बाद वे विभिन्न सालों में विभिन्न अवधियों में बिकते रहे। अप्रैल 2021 में भी गैर-सरकारी संस्था एडीआर (एसोसियेशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स) ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में तब कुछ राज्यों में होने वाले विधान सभा के चुनावों के पूरे होने तक इलेक्टोरल बॉण्ड की बिक्रियों पर रोक लगाने की मांग की थी, किन्तु बेंच ने उसे खारिज कर दिया। केन्द्र ने एक अप्रैल 2021 से 10 अप्रैल 2021 तक बॉण्ड जारी भी किये थे। तब याचिकाकर्ता संस्था एडीआर का कहना था कि गैर-कानूनी और अवैध धन की मुखौटा कम्पनियों के माध्यम से फंडिग की और ज्यादा होने की संभावनायें बढ़ जायेगी। दो नवम्बर 2023 को चुनावी बॉण्डों की वैधता पर अपने निर्णय को सुरक्षित रखने के पहले अदालत ने ये टिप्पणी भी की थी कि सरकार की यह दलील मानना मुश्किल है कि मतदाताओं को राजनैतिक चंदों का स्त्रोत जानने का अधिकार नहीं है।

भारत आये भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गर्वनर रघुराम राजन 12 दिसम्बर 2023 को बिना लाग-लपेट यह कह गये थे कि बॉण्ड चुनावी फंडिंग का नकदी से भी ज्यादा खराब विकल्प है। यह गैर-पारदर्शी है। केवल स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया ही जानता है कि चुनावी बॉण्ड से पैसे देने वाला कौन है। गुमनाम चुनावी बॉण्ड राजनैतिक दलों के बीच गैर-बराबरी के मैदान तैयार करता है। किसी काम के एवज में भी राजनैतिक दल चुनावी बॉण्ड से पैसे ले सकते हैं। सत्तारूढ़ दल तो चुनावी बॉण्ड से अकूत धन पाकर चुनावी खर्चे के चेक काट सकता है, किन्तु विपक्ष ऐसा नहीं कर सकता। चुनाव बराबरी में लड़ा जा सके इसके लिये विपक्ष को भारी नकदी का इंतजाम करना पड़ता है। काले धन पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्हीं दिनों राज्यसभा सांसद धीरेन्द्र साहू से जुड़े ठिकानों में तीन सौ करोड़ रुपए की बरामदगी भी सुर्खियों में थी। यह विडम्बना ही थी कि दो जनवरी 2018 को अधिसूचित जिस चुनावी बॉण्ड योजना को वैकल्पिक पारदर्शी राजनैतिक फंडिंग की पहल बताया गया था उससे भ्रष्टाचार पनपने व सत्तारूढ़ दलों को ही ज्यादा फायदा पहुंचने की शंकायें छः साल पूरे होते-होते काफी गहरा गईं। बॉण्डों से प्राप्त धन चुनाव आयोग द्वारा सत्यापित एक अलग एकाउण्ट में रखना होता था। नियमतः कार्पोरेट या निजी दानदाता विभिन्न मूल्यों के बॉण्डों को खरीदकर पात्र राजनैतिक दलों को दे सकते थे। बॉण्डों पर न देने वाले का नाम होना था, न दाता की पहचान बताई जानी थी। कम्पनी के अंशधारकों या जनता के संज्ञान में नहीं आ सकता था कि राजनैतिक दलों को कौन धन दे रहा है। मोदी सरकार ने कहा था इससे हालांकि राजनैतिक दलों को मिले चंदे का विवरण पता चल जायेगा, किन्तु देने वालों के नामों का पता नहीं चलेगा। ऐसे में कांग्रेस पार्टी ने भी इसे धनशोधन या मनी-लॉण्डरिंग के समकक्ष ही माना था। बैंकों का भी ऐसा ही सोचना था। चुनाव आयोग की भी चाहत थी कि खरीदकर बॉण्ड देने वालों का नाम गुप्त रखा जाये। भविष्य में जब स्टेट बैंक आफ इण्डिया द्वारा अब तक बिके बॉण्ड के मूल्यों, उनके खरीदारों, उनके मूल्यों व उनसे जिन राजनीतिक दलों को जब-जब धन मिलने की सूचना चुनाव आयोग को दी जायेगी तो उसके सार्वजनिक होने के बाद खोजी जानकारी से ही मालूम चल सकेगा कि किन मामलों में चुनावी बॉण्डों से राजनैतिक दलों को धन दिये जाने में व्यवसायिक लाभ लिये व दिये जाने के कारण थे। परन्तु जिन मामलों में ऐसा हुआ होगा उनमें तो बाद में भी और काले धन बनने और उसकी एक श्रृंखला बनने की संभावना बन जाती है। साफ धन दिया जाना है तो सीधे चेक से पार्टी को दिया ही जा सकता था तो कई क्षेत्र के नियमों में बदलाव लाकर चुनावी बाण्ड जैसे नये गुमनामी वाले दस्तावेज बनाने की योजना पर संदेह के कारण तो थे ही।

## वेंटिलेटर पर है भारतीय लोकतंत्र

**- हरेश एम. जगतियानी**

अब समय आ गया है कि संयुक्त विपक्ष एक संयुक्त घोषणापत्र प्रकाशित करे जिसमें वे पीएमएलए, यूएपीए, मकोका जैसे घातक कानूनों और ऐसे अन्य कठोर अधिनियमों को निरस्त करने का वादा करें जिनका उपयोग सत्ता में बैठी एक दुर्भावनापूर्ण कार्यपालिका द्वारा विरोधियों के खिलाफ उत्पीड़न के हथियार के रूप में किया जाता है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उनकी आबकारी शराब नीति के लिए गिरफ्तार किया है। ईडी को व्यापक रूप से भारतीय जनता पार्टी का अंग माना जाता है। ईडी का दावा है कि यह शराब नीति कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए तैयार की गई थी। जिन कुछ लोगों को इसका फायदा हुआ उन्होंने केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी को रिश्वत के रूप में सौ करोड़ रुपये दिए जिनका उसने गोवा में चुनाव लड़ने के लिए इस्तेमाल किया। इस प्रकार अपराध (रिश्वत) की आय को चुनावी उद्देश्यों के लिए वैध बनाया गया था जो धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) यानी मनी लांड्रिंग का प्रकरण बनता है।

केजरीवाल को 22 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और न्यायपालिका के अलग आदेश आने तक 28 मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेजा गया। गिरफ्तारी को सही ठहराने वाले सबूत कहते हैं कि केजरीवाल ने रिश्वत ली थी। मुकदमा अभी शुरू नहीं हुआ है और सबूत यह है कि कुछ संभावित सरकारी गवाह हैं। आरोपपत्र भी अभी तैयार नहीं हुआ है और यह कि ईडी कार्यालय द्वारा नौ समन जारी किए जाने के बावजूद केजरीवाल द्वारा पूछताछ के लिए कार्यालय जाने से इनकार करना इस बात का संकेत है कि वे इस अपराध में शामिल हैं। इसी कारण से उनकी गिरफ्तारी की गई है। यह सब लोकसभा चुनावों की पूर्व संध्या पर हो रहा है जो नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरा कार्यकाल दे सकता है। सवाल यह है कि यह प्रकरण क्या दशार्ता है? क्या अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी तौर पर जायज थी? यहां तक कि अगर आप इस आधार से शुरू करते हैं कि सभी राजनेता बेईमान हैं, तो भी इसका एक ही जोरदार जवाब है- नहीं। सत्तारुढ़ हर राजनीतिक दल का काम राजकोषीय नीतियों को कानून बनाना है। सिर्फ इसलिए कि इस तरह की नीति जनता के एक वर्ग को लाभ पहुंचाती है या लाभ प्रदान करती है, यह अपने आप में एक विधेय अपराधिक कृत्य की उत्पत्ति नहीं हो सकती है जिससे मिली आय पीएमएलए के दायरे में आती है। अब तक सामने आए सबूत कमजोर, संदिग्ध और संभवत: विशिष्ट उद्देश्य से प्रेरित हैं। शराब नीति के 'लाभार्थियों' से आप के खजाने तक धन की आवाजाही को साबित करने के कोई ठोस सबूत नहीं है। यह न्यायपालिका पर निर्भर करता है कि वह मामलों को ठीक करे और केजरीवाल को जल्द से जल्द जमानत पर रिहा करने का आदेश दे। अफसोस की बात है कि कुल मिलाकर भारत में जमानत न्यायशास्त्र निराशाजनक है जो राज्य और अभियोजन पक्ष के पक्ष में है। यह जानते हुए भी कि वास्तविक मुकदमे में असाधारण रूप से देरी हो सकती है जिससे अभियुक्त को अपनी बेगुनाही साबित करने का अवसर नहीं मिलता है, अदालतें अक्सर अपराध के एक संदिग्ध को दंडित करने के साधन के रूप में जमानत से इनकार करती हैं । महिलाओं को इस संबंध में कुछ हद तक वैधानिक रूप से विशेषाधिकार प्राप्त हैं लेकिन यह एक और गंभीर चर्चा का विषय है। यह कहने के लिए पर्याप्त अवसर है कि न्यायिक प्रणाली, विशेष रूप से निचली अदालतें आरोपी के साथ उदार नजर नहीं आती हैं। एक अधिक प्रभावशाली शिकायतकर्ता अपने से कम प्रभावशाली विरोधी के नुकसान के लिए मामले में हेरफेर कर सकता है। मोदी बनाम केजरीवाल मुकाबले में परिणाम पहले से तय मालूम होता है। केवल जमानत न देकर केजरीवाल को चुनावी मैदान से बाहर रखा जा सकता है। जब किसी राष्ट्रीय पार्टी के नेता को दौड़ से बाहर रखा जाता है तो ऐसे में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावों का क्या होगा? लोकतंत्र वेंटिलेटर के लिए रोता है। इस जीवन निर्वाह उपकरण का प्रभारी कौन है? फिलहाल तो मोदी हैं और जब तक कि निम्नलिखित दोनों परिस्थितियां न बनती हों और वे मोदी के हाथ को स्विच से दूर करने का प्रयास न करें। पहला, ममता बनर्जी और वामपंथियों समेत पूरे विपक्ष को अपने महत्वहीन मतभेदों को भुलाकर भाजपा के खिलाफ संयुक्त चुनावी जंग लड़नी होगी। एक भी लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला नहीं होना चाहिए। भाजपा के पास देश के 36 प्रतिशत वोट हैं। शेष 64 फीसदी वोट यदि निराश नहीं हैं तो भी निश्चित रूप से सत्तारूढ़ दल पर मोहित नहीं हैं। मोदी इस बात को जानते हैं। दूसरी, और शायद अधिक महत्वपूर्ण बात है कि न्यायपालिका, विशेष रूप से सर्वोच्च न्यायालय को मजबूती के साथ स्वतंत्र रहना चाहिए। अगर निष्पक्ष चुनाव के हित में हो तो केजरीवाल को समय पर जमानत मिलनी चाहिए। यहां तक कि अगर अदालत केजरीवाल को जमानत देने की इच्छुक हो तो वह उनसे वचन भी ले सकती है कि चुनाव के बाद वे एक बार फिर खुद ईडी के समक्ष आत्मसमर्पण कर देंगे।

# महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान को करें प्रेरितः एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता व मतदान प्रतिशत बढ़ाने को खासतौर पर महिला मतदान प्रतिशत बढ़ाने को तहसील सभागार में एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की बैठक में चर्चा हुई।

शनिवार को बैठक में सबसे पहले महाविद्यालय मऊ की छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। एसडीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशाओं को निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र में चुनाव आयोग की दूत बनकर जायें। प्रत्येक ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता व पोषण दिवस पर महिलाओं को बीस मई को शत-प्रतिशत मतदान को प्रेरित करें। दस्तक अभियान में आशा, आंगनबाड़ी घर-घर में भ्रमण पर जाने पर विभागीय कार्य के साथ सभी महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान को प्रेरित करें। मौजूद महिलाओं- पुरुषों को मतदाता की शपथ दिलाई। सभी ने मतदाता हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया।



मऊ तहसील में बैठक में बोलते एसडीएम।

मतदाता सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली। सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ महाविद्यालय के उत्साही छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। महिला मतदाता जागरूकता अभियान शुभारंभ उपजिलाधिकारी आलोक सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, सीडीपीओ बीएल गुप्ता, सीडीपीओ मऊ विनय कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ एच सिद्दीकी, स्वीप समन्वयक प्रो एस कुरील, डीएमएम आरएस शर्मा, एडीओ आईएसबी श्रीमती सुधा सिंह समेत मुख्य सेविका आदि मौजूद रहे। संचालन प्रो एस कुरील ने किया।

# बाइक को बनाया टैम्पो, १७ हजार जुर्माना

## ई-रिक्शा, आटो, टैम्पो की आई थी बाढ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर इन दिनों यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह विभिन्न वाहनों के खिलाफ सार्थक कार्यवाही कर रहे हैं। इसी क्रम में एक मोटरबाइक को टैम्पो बतौर चलाने पर उन्होंने 17 हजार रुपये का जुर्माना कर बाइक को सीज किया है।

शनिवार को यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने जांच दौरान एक मोटरबाइक पर पांच लोगों को चलते मिलने पर उसे रोककर नियमों के उल्लंघन की बात कही। बाइक सवारों के पास लाइसेंस व हेलमेट न होने पर उन्होंने बाइक में पांच लोगों के सवार होने पर 17 हजार रुपये का जुर्माना कर बाइक को सीज किया।

इन दिनों बेतरतीब ढंग से जिला मुख्यालय में चल रहे वाहनों पर पुलिस की नजरें टेढी हैं। सबसे ज्यादा अव्यवस्था आटो, ई-रिक्शा व टैम्पो वाले फैलाते हैं। जब देखो, जहां देखो बीच सडक हो या और कहीं।

ये वाहन चालक तत्काल मोड देते हैं। ये भी नहीं देखते कि कोई आ रहा है, हादसा हो जायेगा। इस बात की इन्हें कोई परवाह नहीं है। ये ज्यादातर धनुष चैराहे के आसपास इस कदर मंडराते थे कि आटो, ई-रिक्शा, टैम्पो की जिला मुख्यालय में बाढ आ गई हो। अब पुलिस कार्यवाही से स्थिति कुछ काबू में है।



मोटरबाइक की जांच करते टीएसआई।

# दम्पति में सुलह करा परिवार को टूटने से बचाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस ने दम्पति के आपसी पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया।

शनिवार को कोतवाली कर्वी के बघौडा गांव की श्रीमती अंजू देवी पत्नी चुन्नालाल ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में पति, सास-ससुर पर मारपीट व दहेज को प्रताड़ित करने बाबत पत्र सौंपा था। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी श्रीमती गुड्डी देवी, महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दम्पति ने एक-दूसरे के साथ तालमेल से रहने का भरोसा दिया।



दम्पति में सुलह कराती पुलिस।

# डकैती आरोपी आठ पर गैंगेस्टर, चार गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेंद्र चन्द्र पांडेय ने डकैती की घटना अंजाम देने वाले आठ लोगों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की है। इनमें चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

ज्ञात है पांच अगस्त 2022 को शाम सात बजे हिमांशु सोनी पुत्र हरिमोहन सोनी सुनरहटी तुलसी मंदिर राजापुर ने रामनगर स्थित सोने-चांदी की दुकान बंद कर राजापुर जा रहे थे। नुनमई पुलिया के पास डकैतों ने सोने-चांदी के जेवर व नकदी तथा कागजात लूटे थे। इस बाबत रैपुरा थाने में मामला दर्ज था। विवेचना में आठ लोग प्रकाश में आये। नौ अगस्त 2022 को आरोपियों को गिरफ्तार कर सोने-चांदी के जेवर, नकदी, कागजात बरामद किये थे। बरामदगी पर धारायें बढाई गई थी।

थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी सत्यम गुप्ता पुत्र मुन्ना गुप्ता कृष्णा नगर बबेरू बांदा, अजय कुशवाहा पुत्र राज बहादुर कुशवाहा प्रभाकर नगर बबेरू बांदा, शैलेंद्र सिंह उर्फ साहिल पुत्र स्व महाजगबंदन सिंह मनोरथ थोक सुंदर कुआ बबेरू बांदा, अमित साहू पुत्र गणेश साहू दूल थोक बबेरू बांदा, मुकेश पाल पुत्र रामदास झील का पुरवा बांदा, संजू सिंह उर्फ युवराज सिंह पुत्र मुन्नका सिंह उर्फ अशोक सिंह कृष्ण नगर बबेरू बांदा, सचिन यादव पुत्र छोटेलाल जरैली कोठी बांदा व अनूप सविता पुत्र चुनवाद कृष्ण नगर बबेरू बांदा के खिलाफ रैपुरा थाने में गैंगेस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। थानाध्यक्ष रैपुरा की टीम ने गैंगेस्टर आरोपी संजू सिंह उर्फ युवराज सिंह, शैलेंद्र सिंह उर्फ साहिल, अमित साहू पुत्र गणेश साहू व सचिन यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है। टीम में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय, दरोगा रविकान्त राय, दरोगा अब्दुल खलील, सिपाही नन्हे यादव, अंकित शुक्ला, अश्विनी, राममूरत मिश्रा, अजीत यादव शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में गैंगेस्टर आरोपी।

## शासनादेश का पालनः पुलिस की हो रही सराहना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सडक हादसे में सात लोगों की मौत के बाद पुलिस की सख्ती से यात्रियों की कुछ परेशानी बढी है, लेकिन शासनादेश का पालन कराने में पुलिस की लोग सराहना भी कर रहे हैं।

शनिवार को सडक हादसे में सात लोगों की मौत के बाद पुलिस ने आटो, टैम्पो, ई-रिक्शा की जांच का अभियान चला रखा है। शासनादेश है कि ई-रिक्शा को मुख्य मार्ग पर न चलने दिया जाये। ई-रिक्शा सिर्फ गलियों में ही चल सकते हैं। जिला मुख्यालय में ई-रिक्शा व आटो मुख्य मार्गों पर धडल्ले से चल रहे थे। अब भी ई-रिक्शा मुख्य मार्गों पर चलते नजर आ रहे हैं। ये ई-रिक्शा चित्रकूट जाने का मनमानी किराया वसूल रहे हैं। इससे ई-रिक्शा चालकों व मुसाफिरों में नोंकझोंक हो रही है। शनिवार को प्रभारी डीएम के निर्देश पर एआरटीओ विवेक शुक्ला, पीटीओ संतोष तिवारी व यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने अभियान के तहत मनमानी किराया वसूलने वाले 29 ई-रिक्शा व छह टैम्पो को पकडकर सीज किया है। पकडे जाने के भय से ज्यादातर ई-रिक्शा भाग खडे हुए हैं। पुलिस के अभियान से बचे ई-रिक्शा व आटो, टैम्पो भूमिगत हो गये हैं। लगातार चार दिनों से पुलिस का अभियान चलने से मुख्यालय के सडकों से आटो-टैम्पो, ई-रिक्शा गायब से हो गये हैं। पुलिस की यही कार्यवाही जारी रही तो हादसे होना बन्द हो जायेंगे।

# मगरमच्छ रूपी गुर्गे क्षेत्र में दे रहे आपदा को निमंत्रण

## धौरहरा घाट में बालू खनन की मची है लूट, जलीय जीव-जन्तुओं का हो रहा विनाश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरधुवा थाना क्षेत्र में धौरहरा बालू घाट में मगरमच्छ किस्म के दुर्गा सिंह चैहान व बृजेश द्विवेदी बागे नदी का सीना छलनी कर अवैध बालू खनन पर उतारू हैं। घाट से बालू खत्म होने पर नदी का सीना छलनी कर बडे पैमाने पर तेजी से बालू निकालने में जुटे हैं।

शनिवार को खनन माफियाओं की करतूतों का खुलासा हुआ। बताया गया कि खनिज माफिया के गुर्गे इन दिनों बालू के मगरमच्छ-दुर्गा सिंह चैहान व बृजेश द्विवेदी बने हैं। एनजीटी गाइडलाइन को महज कागजी कोरम बना दिया है। अफसरों की अनदेखी से बागे नदी के घाटों की बालू चम्म कर दी है। अब ये बागे नदी की बीच धारा में बडी-बडी मशीनों से सीना छलनी कर जलीय जीव-जन्तुओं को नष्ट करने पर उतारू हैं। इनकी करतूतों से क्षेत्र का जल स्तर लगातार खिसकता जा रहा है। बागे नदी पर वैध-अवैध खनन कार्य बालू माफिया के गुर्गे तेजी से करा रहे हैं, ताकि बारिश के पहले नोटों की बारिश कर सकें। खनिज माफियाओं के गुर्गे नदी की बीच धारा में रात-बिरात खनन करते हैं। परिवहन के नाम पर लिए परमीशन में अभिलेखों में खेल करते हैं। अफसरों की अनदेखी से धौरहरा बालू घाट में एनजीटी गाइडलाइन अनुसार खनन नहीं हो रहा। खुलेआम बीच धारा से बालू निकाली जा रही है। बागे नदी में भारी कटान हो गई है, इससे कभी भी लोगों की जान जा सकती है। ऐसे में बालू खनन रोकने के अफसरों के ठोस उपाय न करने पर कभी भी क्षेत्र में लोगों को आपदा का सामना करना पड सकता है।



नदी से बालू निकालते माफिया।

# ठगों से बचेंः डीआईओएस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव के हवाले से चार अप्रैल को माध्यमिक शिक्षा परिषद 2024 हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं के अंक बढ़ाने व उन्हें फेल-पास कराने का प्रलोभन देकर कुछ साइबर ठग परीक्षार्थियों व अभिभावकों से धन की मांग कर ठगने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले वर्ष भी ऐसी घटनायें हुई हैं। शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक ने जनसामान्य को सचेत करते हुए कहा कि इस प्रकार की ठगी का प्रयास करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज करायी जाये। परीक्षार्थियों व अभिभावकों से अनुरोध किया कि साइबर ठगों के ऐसे फोन काल को को गम्भीरता से न लें। न किसी प्रलोभन में आयें। ऐसे फोन कॉल की सूचना तत्काल नजदीकी थाने व उन्हें दें।

# एसपी के निर्देश पर 13 पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में भोली-भाली जनता में भय- आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले 13 लोगों पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

शनिवार को कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह ने चुन्नू प्रसाद पुत्र स्व भगवानदीन कैम्प पुरवा डिलौरा, रामहित, रामगोपाल पुत्र शीतल प्रसाद, अमर सिंह पुत्र छेदीलाल, सत्यरुप पुत्र रामेश्वर, नवल किशोर, दयाराम पुत्र रामेश्वर यादव नारायणपुर, दिवाकर पुत्र रामचन्द्र, महेश रैकवार पुत्र बृजमोहन, बब्बू पुत्र भानू रैकवार गोल तालाब पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह ने अभिषेक उर्फ छोटू, कल्लू उर्फ राजा यादव पुत्र विष्णु यादव चुनकावन पुरवा मजरा पुराना बहिलपुरवा व ललित उर्फ लल्लू पुत्र गुलाब सिंह ऐंचवारा के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इस कार्यवाही से अपराधीतत्वों में हलचल मची है।



एसपी अरुण कुमार सिंह।

# कर्वी पुलिस ने दुष्कर्म वांछित को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा राहुल कुमार पाण्डेय ने घर में घुसकर दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी तथा पाक्सो एक्ट वांछित ओमकार पुत्र सुरेश निवासी कालूपुर को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा राहुल कुमार पाण्डेय व सिपाही विवेक राजा शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में वांछित।

# दस को मनेगी झूलेलाल जयंती



झूलेलाल जयंती मनाने बाबत चर्चा करते।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय सिंधु सभा की जिला कार्यकारिणी की बैठक ठाकुर दास के प्रतिष्ठान पर राजीव लखानी की अध्यक्षता में दस अप्रैल को झूलेलाल जयंती मनाने बाबत चर्चा हुई। शनिवार को भारतीय सिंधु सभा की बैठक में अध्यक्षता करते हुए राजीव लखानी ने कहा कि दस अप्रैल को झूलेलाल जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी। जयंती पर शोभायात्रा-जुलूस भी प्रशासन अनुमति दी तो निकाला जायेगा। भगवान झूलेलाल जयंती पर होने वाले अन्य कार्यक्रमों की चर्चा की गई। बैठक में खासतौर पर साधुराम, श्यामलाल, कुक्कू, कालू बम्बइया, जैकी, ऋषि मुनि, सोनू, किशोर, प्रदीप, कन्हैया, जॉनी आदि मौजूद रहे।

# बगलई गांव में पेयजल के नाम पर हुई लूट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के बगलई गांव में पेयजल के नाम पर जमकर खेल हुआ है। चालू हैंडपंप के नाम पर फर्जी रीबोर कराकर सरकारी धन का बंदरबाट किया गया है। शनिवार को कर्वी ब्लाक के बगलई गांव में पेयजल के नाम पर जमकर खेल हुआ है। बताया गया कि हैंडपंप सामग्री के नाम पर बंदरबांट हुआ है। इंटरलॉकिंग खड़ंजा व नाली निर्माण में भी धांधली हुई है। प्रधान-सचिव ने फर्जीवाड़ा कर मनमानी ढंग से भुगतान कराये हैं। बगलई गांव के मजरा बीरामाफी में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन की लूट हुई है। सरकारी धन की लूट पर जिला प्रशासन कब अंकुश लगायेगा।

# सीओ ने सीज किये सात ट्रक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध खनिज परिवहन की रोकथाम को जारी अभियान में सीओ मऊ जयकरन सिंह की अगुवाई में प्रभारी निरीक्षक मऊ व खनिज इं मंटू कुमार सिंह की संयुक्त टीम ने मऊ में जांच अभियान दौरान बिना रवन्ना, मोरम से लदे ओवरलोड छह ट्रकों को सीज किया।

शनिवार को सीओ सिटी राज कमल ने जांच दौरान एक ट्रक को बिना कागजात व गलत नम्बर प्लेट मिलने पर सीज किया। पुलिस का ये अभियान जारी रहेगा।



ट्रक को सीज करते सीओ।

# 22 क्वार्टर समेत एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा इमरान खान ने गजराज पुत्र प्रेम बिलासपुर मजरा खटवारा के कब्जे से 22 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ राजापुर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा इमरान खान व सिपाही शुभम मिश्रा शामिल रहे।


# बाइडेन ने नेतन्याहू से कहा, गाजा में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित होने पर ही मिलेगा अमेरिका का समर्थन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गुरुवार को इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि गाजा में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित होने पर ही अमेरिका इजराइल का समर्थन करेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने वहां सामान्य स्थिति के लिए तत्काल युद्धविराम का भी आह्वान किया।

स्पेनिश अमेरिकी शेफ और रेस्तरां मालिक जोस एंड्रेस के वर्ल्ड सेंट्रल किचन के छह सहायता कर्मियों की हत्या पर दुनिया भर में बढ़ते आक्रोश के बीच दोनों नेताओं ने फोन पर बात की।

बातचीत के दौरान राष्ट्रपति बाइडेन ने इस बात पर जोर दिया कि मानवीय कार्यकर्ताओं पर हमले को स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने नागरिकों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए ठोस उपाय करने की बात कही।



अमेरिकी नेता ने यह भी कहा कि निर्दोष नागरिकों की रक्षा के लिए गाजा में तत्काल युद्धविराम आवश्यक है। उन्होंने प्रधानमंत्री से नेतन्याहू से बंधकों को तत्काल मुक्त कराने के लिए बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए भी कहा।

गौरतलब है कि हाल के दिनों में अमेरिका और इजराइल के बीच संबंधों में गिरावट आई है, क्योंकि नेतन्याहू ने युद्ध के बारे में अमेरिका की चिंताओं की नजरअंदाज कर दिया है।

इजराइल पर लगाम लगाने के लिए बाइडेन को घरेलू स्तर पर दबाव का सामना करना पड़ रहा है। चुनावी वर्ष में इसकी अनदेखी करना उनके लिए राजनीतिक दृष्टि से जोखिम भरा हो सकता है।

30 मिनट की बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजराइल के राष्ट्रपति नेतन्याहू से गाजा में युद्ध रोकने और नागरिकों की रक्षा सुनिश्चित करने को कहा।

## पाकिस्तान में चीनी कामगारों के लिए पुख्ता सुरक्षा बंदोबस्त करने का आदेश



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान में मौजूद खासकर चीनी कामगारों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का आदेश सुरक्षा एजेंसियों को दिया है। शहबाज शनिवार को इस्लामाबाद में सुरक्षा को लेकर एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने देश भर में सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर करने पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री शहबाज ने कहा कि उन्होंने फैसला लिया है कि वे निजी तौर पर देशभर में सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा करेंगे तथा खासकर चीनी नागरिकों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने गृह मंत्री को भी इसे लेकर निर्देश जारी किया। उन्होंने प्रांतीय आतंकरोधी विभागों को और बेहतर बनाने को भी कहा।

बतादें कि चीनी कामगार पाकिस्तान में कई परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। बीते 26 मार्च को आतंकियों ने एक बस को निशाना बनाया था। इस हमले में पांच चीनी नागरिकों के साथ ही एक महिला और पाकिस्तानी वाहन चालक मारा गया था। हमले के तुरंत बाद जल विद्युत परियोजना पर काम अस्थायी तौर पर रोक दिया गया है। यह घटना काराकोरम राजमार्ग पर हुई थी।

## असहायों और वंचितों की जिम्मेदारी समाज की: दीपिका चिखलिया


**काठमांडू।** रामानंद सागर निर्मित धारावाहिक रामायण में सीता की भूमिका निभाने वाली एवं पूर्व सांसद दीपिका चिखलिया ने समाज के असहाय और वंचितों के जीवन यापन की जिम्मेदारी इसी समाज की होने के कारण सभी से सहयोग करने का आह्वान किया है।

यहां जनजाति कल्याण आश्रम के 14वें वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए दीपिका ने कहा कि रामायण का सार भी यही है। समाज के सभी शोषित पीड़ित और वंचित लोगों का जीवन स्तर सुधारने की जिम्मेदारी इसी समाज की होने की बात कहते हुए उन्होंने सभी से सहयोग की अपील की। नेपाल में जनजाति कल्याण आश्रम के तहत वनवासी और दुर्गम क्षेत्र के बच्चों के लिए चलाए जा रहे आमा को माया छात्रावास में रह रहे बच्चों के लिए हरसंभव सहयोग का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जनजाति कल्याण आश्रम द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में समाज की सहभागिता अनिवार्य है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीपिका चिखलिया ने रामायण के कई प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान् श्रीराम का जीवन समाज के निचले वर्ग के लोगों को गले लगाना और उनका उद्धार करने की बात हमने धारावाहिकों में देखा है। उन्होंने कहा कि चाहे निषाद समुदाय के केवट से लेकर वन में रहने वाली शबरी तक को सम्मान देने की बात हो या सुग्रीव का उद्धार करने और अधिकार देने की बात हो, इनसे हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। दीपिका ने कहा कि जिस पवित्र भाव से जनजाति कल्याण आश्रम समाज के पिछले शोषित और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए कार्य कर रहा है, उसमें अधिक से अधिक योगदान देने की प्रेरणा रामायण से मिलती है। आमा को माया छात्रावास के बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देकर देश के लिए अच्छे और संस्कारी पीढ़ी को तैयार किया जाना सराहनीय है।

आज के कार्यक्रम में जनजाति कल्याण आश्रम के संगठन मंत्री मिलन भट्ट ने करीब 400 बच्चों के सालाना खर्च का सहयोग जुटने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस समय पूरे नेपाल में 11 छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं। इसमें करीब 1000 से अधिक छात्र छात्राओं के रहने खाने और उनकी दसवीं तक की पढ़ाई की आश्रम की ओर से निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

## अमेरिका में भूकंप के झटकों से हिल गईं इमारतें




**वाशिंगटन।** पूर्वोत्तर संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ स्थानों पर भूकंप के तेज झटकों से इमारतें हिलने लगीं। भूकंप का अहसास होते ही लोगों घरों और कारों से बाहर निकल आए।

यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने शुक्रवार सुबह 10:23 बजे आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर चार दशमलव आठ (4.8) बताई है। यूएसजीएस के अनुसार, पूर्वोत्तर संयुक्त राज्य अमेरिका में इसके झटके फिलाडेल्फिया से बोस्टन तक महसूस किए गए। मैनहट्टन और पांच नगरों में तेज झटकों से इमारतें हिलने लगीं। को झटका लगा। यूएसजीएस के विवरण के अनुसार, भूकंप का केंद्र न्यूयॉर्क शहर से लगभग 40 मील पश्चिम में व्हाइट हाउस स्टेशन, न्यूजर्सी के पास था।

## रूस ने जापोरीज़िया परमाणु संयंत्र पर हमले के प्रयासों के खिलाफ चेताया

**मॉस्को।** रूस ने यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगियों को जापोरिजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी) पर हमला करने या स्थिति को अस्थिर करने के प्रयासों के खिलाफ चेतावनी दी है।

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने शुक्रवार को कहा, "हम आईएईए (अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) से मामले की जांच का आग्रह करते हैं। इसके लिए संयंत्र के विशेषज्ञों की मदद ली जा सकती है।" समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने संयंत्र की प्रेस सेवा के एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि हाल के दिनों में जापोरिज़िया परमाणु केंद्र के आसपास कई यूक्रेनी सैन्य ड्रोन देखे गए।

# नाटो की सुरक्षा के लिए युद्ध की तैयारी में जुटी जर्मन सेना

सोवियत संघ के खिलाफ एक साझा रक्षा मोर्चे के तौर पर नाटो का गठन हुआ. उस दौर में पश्चिम जर्मनी की सेना, पूर्वी जर्मनी से हमले की स्थिति में सुरक्षा की तैयारियां करती थीं. तीन दशक बाद अब फिर रूस एक खतरा बन गया है.

1996 की शुरूआत में जर्मन सैनिक दूसरे विश्व युद्ध के बाद पहली बार किसी अन्य यूरोपीय देश के भूभाग में सैन्य तैयारी से लैस होकर दाखिल हुए थे. बोस्निया-हजेर्गोविना में जर्मन सैनिक संयुक्त राष्ट्र शांति सेना, या ब्लू हेलमेट की ओर से नहीं गए थे, बल्कि वो नाटो की अगुआई वाले क्रियान्वयन बल (इंप्लिमेंटेशन फोर्स) का हिस्सा थे। 1992 में पूर्वी युगोस्लाव गणराज्य, बोस्निया-हजेर्गोविना को यूरोपीय धरती पर 1945 के बाद जातीय सर्ब अल्पसंख्यकों की छेड़ी सबसे खूनी लड़ाई में उतरना पड़ा था. निरंकुश सर्ब नेता श्लोबोदन मिलोसेच की सेना इस लड़ाई को समर्थन दे रही थी. दिसंबर 1995 में युद्धरत पक्षों, पड़ोसी देशों और अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों ने डेटन शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे. नाटो ने इंप्लिमेंटेशन फोर्स का गठन किया, बाद में स्टेबलाइजेशन फोर्स (एसफोर) ने उसकी जगह ली. इंप्लिमेंटेशन फोर्स का काम इलाके में युद्धविराम और शांति-स्थिरता बनाए रखना था.



जर्मन सशस्त्र सेना तैयार नहीं थी

जर्मनी ने इसमें भाग तो लिया, लेकिन जर्मन सशस्त्र सेना बुंडेसवेयर पर्वतीय देश में सैन्य अभियान के लिए आंशिक तौर पर ही तैयार थी. जर्मन सैनिक इलाके से बाहर के अभियानों के लिए प्रशिक्षित नहीं थे. कई बार उन्हें सड़कें चौड़ी करनी पड़ती थीं क्योंकि भारी सैन्य उपकरण संकरे रास्तों से नहीं गुजर सकते थे. 1955 में नाटो में शामिल होने वाले जर्मन संघीय गणराज्य (पश्चिम जर्मनी) की सेना शीत युद्ध के दौरान, मुख्य रूप से वारसॉ संधि वाले देशों के संभावित हमलों के खिलाफ बचाव के लिए जिम्मेदार थी. वारसॉ संधि वाले देश सोवियत प्रभाव वाले इलाके में आते थे, उनमें समाजवादी जर्मन लोकतांत्रिक गणराज्य (पूर्वी जर्मनी) भी शामिल था.

पूर्वी जर्मनी में पांच लाख सोवियत सैनिक तैनात थे. जीडीआर (पूर्वी जर्मनी) की नेशनल पीपल्स आर्मी (एनवीए) के पास डेढ़ लाख अतिरिक्त सैनिक थे. हर साल उत्तरी जर्मनी की एक सपाट जमीन पर हमलों के खिलाफ युद्ध अभ्यास किए जाते थे, जिनमें टैंक भी शामिल रहते थे। विचार यह था कि नाटो के सबसे बड़े सदस्य अमेरिका की मदद से निर्बाध हवाई संप्रभुता के स्थापित होने तक, मुख्य युद्धक टैंक लेपर्ड और जर्मन सेना की इकाइयां पूरब से किसी हमले के खिलाफ रक्षा करेंगी.

**आकार में आधी रह गई है जर्मन सेना**

1958 से 1972 के बीच पश्चिम जर्मनी में सैन्यबल 249,000 से बढ़कर 493,000 तक पहुंच गया. बर्लिन दीवार के गिरने तक सेना की संख्या करीब 4,80,000 थी. जब पश्चिम जर्मनी और पूर्वी जर्मनी की सेनाओं का विलय हुआ, तो कुछ समय के लिए संख्या फिर से बढ़ गई. करीब 20 साल बाद सेना में करीब दो लाख सैनिक बचे रह गए. जर्मन रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, साल 2023 में 1,81,000 सदस्य ही थे. इन सैनिकों का छोटा सा हिस्सा ही नाटो अभियानों में लड़ाई के लिहाज से प्रशिक्षित किया गया है.

**अफगानिस्तान में तैनाती**

अमेरिका में सितंबर 2001 में हुए हमलों के बाद नाटो में जर्मन सेना की भूमिका फिर से बदल गई. अमेरिका ने नाटो गठबंधन के 'कॉमन डिफेंस क्लॉज' को सक्रिय करने पर जोर दिया और संधि के तहत जर्मनी ने अपने दायित्व निभाए. अफगानिस्तान पर हमले और तालिबान को हटाने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में नाटो गठबंधन के भीतर जर्मन सेना भी शामिल रही. लंबे समय तक जर्मन सेना का ध्यान ऐसी यूनिटों की ट्रेनिंग कराने पर रहा, जिन्हें तत्परता से रवाना किया जा सके, चाहे अफगानिस्तान ही क्यों न हो. फिर 2022 में यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्त्स ने संसद में एक "टर्निंग पॉइंट" की बात कही. जर्मन सेना में अधिकांश लोग शीत युद्ध के खात्मे के तीन दशक बाद यूरोप में इस तरह के जमीनी हमले के लिए तैयार नहीं थे. उसके बाद से जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस कहने लगे हैं कि सेना को "युद्ध के लिए तैयार" रहना होगा. कुछ विश्लेषक अनुमान जताते हैं कि युद्ध अर्थव्यवस्था की ओर मुड़ चुका रूस पांच साल से भी कम समय में नाटो के भूभाग पर हमला कर सकता है.

# संयुक्त राष्ट्र में भारत ने फलस्तीनी लोगों के आत्म-निर्णय के अधिकार के प्रस्ताव के पक्ष में किया मतदान

### गाजा में तत्काल युद्धविराम के आह्वान वाले प्रस्ताव पर मतदान से अलग रहा भारत

**संयुक्त राष्ट्र/जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के भारत ने उस मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में शुक्रवार को मतदान किया जिसमें फलस्तीनी लोगों के स्वतंत्र फलस्तीन देश के अधिकार समेत आत्म-निर्णय के ह्यह्यअपरिहार्य अधिकारह्नह्न की पुष्टि की गयी है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में उस प्रस्ताव पर मतदान से दूरी बना ली, जिसमें गाजा में तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया गया और यह भी मांग की गई कि इजराइल गाजा पट्टी से अपनी अवैध नाकाबंदी तुरंत हटा ले।जिनेवा स्थित परिषद ने ह्यफलस्तीनी लोगों के आत्म-निर्णय के अधिकारह्न पर मसौदा प्रस्ताव पारित किया जिसमें भारत समेत 42 सदस्य देशों ने उसके पक्ष में मतदान किया।

परिषद के 47 सदस्यों में से दो देशों अमेरिका और पराग्वे ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया जबकि अल्बानिया, अर्जेंटीना और कैमरून मतदान से दूर रहे। प्रस्ताव में ह्यह्यस्वतंत्रता, न्याय और सम्मान से रहने के फलस्तीनी लोगों के अधिकार और स्वतंत्र फलस्तीन देश के अधिकार समेत उनके आत्म-निर्णय के अपरिहार्य, स्थायी और पूर्ण अधिकारह्नह्न की पुष्टि की गयी है। इसमें संयुक्त राष्ट्र के सभी प्रासंगिक प्रस्तावों समेत अंतरराष्ट्रीय कानून और अन्य अंतरराष्ट्रीय रूप से स्वीकार्य मानकों के अनुसार इजराइल-फलस्तीन संघर्ष के उचित, व्यापक और स्थायी शांतिपूर्ण समाधान की आवश्यकता पर बल दिया गया है। इसमें इजराइल से पूर्वी यरुशलम समेत कब्जे वाले फलस्तीन क्षेत्र का अपना कब्जा तुरंत खत्म करने और फलस्तीन की राजनीतिक स्वतंत्रता, संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता में किसी भी बाधा को दूर करने और उसके निवारण का आह्वान किया गया है। प्रस्ताव में फलस्तीन और इजराइल के शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से रहने के द्वि-राष्ट्र समाधान का भी समर्थन किया गया है।गाजा में तत्काल युद्धविराम और इजराइल गाजा पट्टी से नाकाबंदी हटाने वाले प्रस्ताव पर मतदान से अनुपस्थित रहा। संयुक्त राष्ट्र के मनवाधिकार परिषद द्वारा ह्यपूर्वी यरूशलम सहित अधिकृत फलस्तीनी क्षेत्र में मानवाधिकार की स्थिति और जवाबदेही एवं न्याय सुनिश्चित करने के दायित्वह्न पर मसौदा प्रस्ताव को स्वीकार किया गया, जिसके पक्ष में 28 मत पड़े। इसके खिलाफ छह मत पड़े और 13 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया। भारत, फ्रांस, जापान, नीदरलैंड और रोमानिया सहित 13 देश प्रस्ताव पर मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने वालों में अर्जेंटीना, बुल्गारिया, जर्मनी और अमेरिका शामिल हैं। प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करने वाले देशों में बांग्लादेश, बेल्जियम, ब्राजील, चीन, इंडोनेशिया, कुवैत, मलेशिया, मालदीव, कतर, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और वियतनाम भी शामिल हैं। प्रस्ताव में गाजा में तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया गया और यह भी मांग की गई है कि इजराइल गाजा पट्टी से अपनी अवैध नाकाबंदी तुरंत हटा ले।

## ईरान ने दमिश्क में दूतावास पर हमले पर भरी हुंकार, इजराइल ने लड़ाकू दस्तों और वायुसेना को किया हाई अलर्ट

**तेहरान।** ईरान ने दमिश्क स्थित अपने दूतावास पर हमले के बाद आक्रोश जताया है वहीं ईरान की इलीट फोर्स रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी ने दमिश्क हमले के लिए इजरायल से बदला लेने की हुंकार भरी है। इतना ही नहीं वहीं पूरे देश में इस घटना को लेकर गुस्सा है। इस हमले में रिवोल्यूशनरी गार्ड के दो वरिष्ठ जनरलों समेत सात अधिकारी मारे गए थे। मारे गए अन्य लोगों में चार सीरियाई नागरिक और लेबनान के हिजबुल्ला का एक लड़ाका भी था।

इन अधिकारियों के अंतिम संस्कार में शुक्रवार को हजारों लोग शामिल होकर इजराइल और अमेरिका के खिलाफ नारे लगाए, जबकि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश दशकों से ईरान का छेड़ा छद्म युद्ध झेल रहा है लेकिन अब किसी भड़काऊ कदम को बर्दाश्त नहीं करेगा। इसलिए ईरान संयम बरते। ईरानी दूतावास पर हमले के विरोध में राजधानी तेहरान और अन्य शहरों में जुलूस निकाले गए और इजराइल के विरोध में नारेबाजी की गई। तेहरान विश्वविद्यालय में हुई सभा को रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांडर सलामी ने संबोधित करता हुए कहा, किसी भी हमले का जवाब दिए बगैर नहीं रहा जाएगा। अल्लाह के आशीर्वाद से इजराइल में यहूदियों की सत्ता का बहुत जल्द खात्मा होगा। जनरल सलामी ने कहा कि अमेरिका मुस्लिम बहुल देशों से घृणा करता है, हाल के महीनों में यह पूरी तरह से स्पष्ट हो गया है। अमेरिका के समर्थन से ही इजराइल गाजा में नरसंहार और पड़ोसी देशों पर हमले कर रहा है। इससे पहले हमले में मारे गए रिवोल्यूशनरी गार्ड के दो जनरलों और पांच अधिकारियों के शव पूरे सम्मान से सेना के ट्रक से कब्रिस्तान ले जाया गया। ईरानी दूतावास में मारे गए अधिकारियों का अंतिम संस्कार और विरोध प्रदर्शन संयोग से उसी दिन हुआ जिस दिन ईरान फलस्तीनियों के समर्थन में यरुशलम डे मनाता है। रमजान के महीने में शुक्रवार के महत्व और ईरान में उबाल ले रहीं भावनाओं के मद्देनजर इजराइल इन दिनों सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्कता बरत रहा है। इजराइली सेना ने अपने लड़ाकू दस्तों और वायुसेना को हाई अलर्ट पर कर दिया है। पता चला है कि हमलावर मिसाइलों और ड्रोन को भ्रमित करने के लिए इजरायल ने जीपीएस सिस्टम को भी बाधित किया है। विदित हो कि ईरान समर्थित हमास, हिजबुल्लाह और हाउती विद्रोही इजरायल के खिलाफ पहले से ही लड़ाई छेड़े हुए हैं।

## न्यूयॉर्क में एक और भारतीय छात्र की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विश्वविद्यालय में नामांकित एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई है। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "ओहायो के क्लीवलैंड में एक भारतीय छात्र श्री उमा सत्य साईं गड्डे के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से गहरा दुःख हुआ।"

पोस्ट में बताया गया है कि पुलिस जांच जारी है और शव को भारत भेजने के प्रयास किये जा रहे हैं। दूतावास ने कहा कि वह भारत में परिवार के साथ संपर्क में है। पोस्ट में कहा गया है, "श्री उमा गड्डे के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत पहुंचाने सहित हरसंभव सहायता दी जा रही है।"

हाल के सप्ताहों में अमेरिका में भारत और भारतीय मूल के छात्रों की मौत की घटनाएं बढ़ी हैं। इससे भारत और भारतीय अमेरिकी समुदाय में चिंता बढ़ गई है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# रूस पर यूक्रेन ने 53 ड्रोन से किया अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी पिछले 2 साल से जारी युद्ध के बीच यूक्रेन ने रूस पर अब तक का बड़ा हमला बोला है। यूक्रेन ने रूसी सीमा के रोस्तोव क्षेत्र में 53 ड्रोन से हमला किए जिसे यूक्रेन की तरफ से अबतक के सबसे बड़े हवाई हमलों में एक माना जा रहा है। वहीं, रूस ने गुरुवार को ड्रोन से यूक्रेन के खार्किव इलाके पर हमला बोला। हमले में चार लोगों की मौत हो गई। हालांकि, रूसी सेना ने सभी ड्रोन मार गिराने का दावा किया है। इनमें से 44 ड्रोन को मोरोजोस्की में मार गिराया गया।

रोस्तोव गवर्नर ने कहा कि हमले में एक पावर सवस्टेशन को क्षति पहुंची है। यूक्रेन के अधिकारियों की ओर से इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

रूसी मीडिया की ओर से कहा गया है कि मोरोजोस्की के पास सैन्य हवाई क्षेत्र स्थित है। हालांकि, साफ नहीं हो पाया है कि उनका निशाना सैन्य हवाई क्षेत्र था या नहीं। वहीं, रूसी



रक्षा मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि नौ अन्य ड्रोन को रूस के सीमावर्ती क्षेत्र कुर्स्क, बेलगोरोद, क्रास्नोडार और निकटवर्ती सेराटोव में इंटरसेप्ट कर लिया गया। सेराटोव क्षेत्र में रूसी बमवर्षक विमान का एयरबेस स्थित है।

रूस ने गुरुवार को ड्रोन से यूक्रेन के खार्किव इलाके पर हमला बोला। हमले में चार लोगों की मौत हो गई। हमले में 12 लोगों के घायल होने की भी सूचना है। वहीं जमीवस्का थर्मल पावर प्लांट को भी निशाना बनाया। जिसके कारण खार्किव इलाके में करीब 3,50,000 लोग के घरों में अंधेरा छा गया। यूक्रेन के छह इलाकों में पावर सप्लाई के दौरान कुछ कटौती भी करनी पड़ी। हमले में 15 ड्रोन का प्रयोग किया गया था। रूसी बैलिस्टिक मिसाइल से बचने के लिए यूक्रेन को और वायु रक्षा प्रणाली प्रदान करने पर नाटो के सहयोगी सदस्य गुरुवार को सहमत हुए हैं।